हरिभूमि
रायपुर भूमि

18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है अर्नब

अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री कम, 24.6 डिग्री के साथ दुर्ग सर्वाधिक गर्म



कमजोर होकर ओडिशा में 'डिप्रेशन' में बदला अर्नब
रायपुर में 15 मिमी बारिश, आज भी छाए रहेंगे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चक्रवाती तूफान अर्नब आगे बढ़ने के साथ ही कमजोर पड़ता जा रहा है। गुरुवार शाम तक यह सिस्टम कमजोर होकर दक्षिण छत्तीसगढ़ और उससे सटे दक्षिण ओडिशा के ऊपर एक 'डिप्रेशन' (निम्न दबाव का क्षेत्र) में बदल गया। यह लगभग 18 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है। ▶▶ शेष पेज 13 पर



सरगुजा व बिलासपुर में भारी वर्षा

सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिलों में अधिकतर स्थानों पर हल्की से माध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। हवा की गति लगभग 10 किमी प्रति घंटे रह सकती है। इन जिलों के एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश के शेष हिस्सों में आंशिक रूप से बादल रहने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में वृद्धि होगी, जबकि न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट संभावित है।

ठिठुरती रही राजधानी

चक्रवात के प्रभाव से राजधानी का अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री कम 24 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री रहा, जो लगभग सामान्य है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अधिक अंतर नहीं होने के कारण दिनभर हल्के ठंड का अहसास लोगों को होता रहा। तापमान में कमी के अलावा ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरन का अहसास कराया। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 24.6 डिग्री दुर्ग में दर्ज किया गया। 18 डिग्री के साथ पेंड्रारोड प्रदेश में सबसे ठंडा रहा।

कहां, कितनी बारिश

सुकमा, कोंटा, नेरहरपुर, धपथौरा व में 7 सेमी, तोकापाल, दोरनापाल, बडेरापुर, केशकाल, छिंदगढ़ व कांकेर में 6 सेमी, कुकरेल, बलरामपुर, नगरी, बसना, सरोना, कटेकल्याण, बेलरगांव, राजिम, कुसमी, धमतरी, अमलीपदर, प्रेमनगर, देवभोग, मैनपुर, फरसगांव, गादीरास व बागबाहरा में 5 सेमी, चारामा, सरायपाली, राजनांदगांव, पलारी, पेंड्रा रोड, गरियाबांद में 4 सेमी तथा कुछ और स्थानों पर इससे कम बारिश दर्ज की गई।

गाड़ी में तोड़फोड़ से रोका तो महिला को पीटा

रायपुर। गाड़ी में तोड़फोड़ करने से मना करने पर एक युवक ने एक महिला के साथ मारपीट कर उसे चोट पहुंचाई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। लभांडी निवासी एम. कुमारी राव ने तोड़फोड़, मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि गणेश राव उसकी गाड़ी में तोड़फोड़ कर रहा था। मना करने पर आरोपी ने महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की तथा लोहे के पाइप से हमला कर दिया।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
30 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
22

बाजार की त्योहारी भीड़ में 3 लेयर सुरक्षा
तैनात होंगे 1000 जवान, ड्रोन भी उड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

धनतेरस, दीपावली को देखते हुए पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व से सुरक्षा तैयारी तेज कर दी है। मालवीय रोड में कार के प्रवेश पर रोक का कारोबारी संगठन विरोध कर रहे थे। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट के सेंट्रल जोन डीसीपी तारकेश्वर पटेल तथा ट्रैफिक डीसीपी अर्चना झा ने कारोबारी संगठनों के साथ बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया है कि जाम की स्थिति निर्मित होने पर ही कारों का प्रवेश मालवीय रोड में रोका जाएगा। चलायमान ट्रैफिक होने पर कारों को नहीं रोका जाएगा। व्यस्त मार्गों पर नो पार्किंग में वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ गुरुवार से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पहले दिन पार्किंग एरिया में पार्क किए गए 527 वाहन के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस कमिश्नर ▶▶ शेष पेज 13 पर

- ट्रैफिक पुलिस ने एक दिन में सवा पांच सौ नो पार्किंग कार्रवाई की



भीड़ होने पर ड्रोन से निगरानी

शहर के प्रमुख बाजारों में भीड़ ज्यादा होने पर ड्रोन से निगरानी करने की व्यवस्था की गई है। तीनों जोन के डीसीपी को एक-एक ड्रोन दिए गए हैं। जरूरत पड़ने पर संबंधित जोन के डीसीपी अपने क्षेत्र में अतिरिक्त ड्रोन किराए पर ले सकते हैं। पुलिस कमिश्नर के अनुसार तीन ड्रोन की मदद से निगरानी पर्याप्त है। निगरानी करने अतिरिक्त ड्रोन की जरूरत नहीं पड़ेगी।

रेलवे स्टेशन बस टर्मिनल से निगरानी व्यवस्था

इस बार रेलवे स्टेशन के साथ इंटर स्टेट बस टर्मिनल में संदिग्धों की निगरानी करने व्यवस्था की गई है। घुमंतू के साथ ग्रुप में आने वाले लोगों की बस टर्मिनल, रेलवे स्टेशन से निगरानी की जाएगी। उनकी गतिविधियों की निगरानी करने के साथ पुलिस उनसे पूछताछ करेगी। क्राइम की टीम सिविल में शहर के प्रमुख बाजारों में निगरानी करेगी। इसके साथ ही प्रमुख बाजारों में पुलिस के साथ आर्म्स गार्ड की तैनाती की जाएगी।


इस तरह से रहेगी सुरक्षा

ट्रैफिक तथा अन्य को ध्यान में रखते हुए तीन लेयर में सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पहले लेयर में क्राइम की टीम रहेगी। क्राइम में अतिरिक्त बल की भी व्यवस्था की गई है। दूसरे लेयर में संबंधित थानों के साथ लाइंस से तलब किए गए पुलिसकर्मियों की व्यवस्था रहेगी। वर्तमान में ट्रैफिक कंट्रोल करने 60 पाइंट हैं, पर्व को देखते हुए 47 नए पाइंट्स बनाए जा रहे हैं।

18 क्यूआरटी टीम रहेगी

ट्रैफिक जाम से निपटने वर्तमान में 10 क्यूआरटी टीम है। पर्व को देखते हुए आठ क्यूआरटी टीम बढ़ाई जा रही है। क्यूआरटी टीम आईटीएमएस के माध्यम से शहर की ट्रैफिक की निगरानी करेगी। जहां ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होगी, क्यूआरटी की टीम 10 मिनट के अंतराल में मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक क्लीयर कराने का काम करेगी।

एसीबी, ईओडब्लू के सात टीआई, एक एसआई सहित 12 पुलिस को वापस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश पर एसीबी, ईओडब्लू में तैनात सात टीआई, एक एसआई सहित 12 पुलिसकर्मियों का तबादला करते हुए उनके मूल विभाग भेज दिया गया है। जिन पुलिस अफसरों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें एक एएसआई भी शामिल है। जारी आदेश में टीआई तथा पुलिसकर्मियों को उनके मूल विभाग में भेजने का कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है। जिन टीआई तथा अन्य पुलिसकर्मियों को उनके मूल विभाग में भेजा गया है, उनके नाम इस प्रकार से हैं टीआई विरेन्द्र चंद्रा, शरद चंद्रा, बृजेश कुशवाहा, संतराम सोनी, उमेन्द्र टंडन, पौरूष पुरें, सौरभ द्विवेदी, एसआई जितेन्द्र नंदे, एएसआई निर्भय लाल ध्रुव आरक्षक अभिषेक कुमार, रितेश दीवान, सोहन ध्रुव के नाम शामिल हैं।

- सभी पुलिसकर्मियों को उनके मूल विभाग भेजा गया



प्लास्टिक कचरे से बनेगी सड़क, निर्माण ठेकेदारों से निकायों को करना होगा समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में अब कचरे से निकले प्लास्टिक कचरे से सड़क बनाने का रास्ता साफ हो गया है। इस काम के लिए अब नगरीय निकायों को अब सड़क निर्माण ठेकेदारों के साथ समन्वय कर प्लास्टिक कचरे की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी। इसके लिए निकायों के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्रों (एमआरएफ) और सड़क निर्माण ठेकेदारों के बीच लिखित अनुबंध या समझौता ज्ञापन (एमओयू) कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, निकायों द्वारा कराए जाने वाले नए बिटुमिनस सड़क निर्माण और नवीनीकरण कार्यों के टेंडर में प्लास्टिक कचरे के उपयोग का प्रावधान अनिवार्य रूप से शामिल करना होगा। नगरीय शासन एवं विकास विभाग ने 29 अक्टूबर को जारी निर्देश में सभी नगर निगम आयुक्तों तथा नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस संबंध में कार्रवाई करने को कहा है। यह निर्देश केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा रसायन एवं पेट्रो-रसायन विभाग के सचिवों के 23 सितंबर 2026 के संयुक्त पत्र के संदर्भ में जारी किया गया है।

- टेंडर में प्लास्टिक कचरे के उपयोग का प्रावधान अनिवार्य हुआ
- नगरीय निकायों को सर्वोच्च प्राथमिकता इस कार्य को देने के निर्देश



बिटुमिन के वजन का 8 प्रतिशत तक प्लास्टिक

निर्देश में इंडियन रोड्स कांग्रेस (आईआरसी) की गाइडलाइन का उल्लेख किया गया है। इसके अनुसार, ड्राइ प्रोसेस से प्लास्टिक कचरा मिलाकर तैयार किए गए बिटुमिनस वियरिंग कोर्स की स्थिरता और मजबूती पारंपरिक मिश्रण के बराबर पाई गई है। इस प्रक्रिया में बिटुमिन के वजन के 8 प्रतिशत तक प्लास्टिक कचरे का उपयोग किया जा सकता है। विभागीय निर्देश में यह भी कहा गया है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय पहले ही सड़क निर्माण में प्लास्टिक कचरे के उपयोग को अनिवार्य करने संबंधी नीतिगत दिशा-निर्देश जारी कर चुका है। इसी के तहत नगरीय निकायों और सड़क निर्माण ठेकेदारों के बीच स्थानीय स्तर पर भागीदारी विकसित करने तथा मानकों के अनुरूप प्रसंस्कृत और ग्रेडेड प्लास्टिक की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

कचरे को छांटकर साफ और सूखा करना होगा

निकायों को स्रोत पर कचरे का पृथक्करण, घर-घर संग्रहण और एमआरएफ केंद्रों के माध्यम से कम मूल्य वाले प्लास्टिक कचरे को अलग एकत्र करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें कैरी बैग, पैकेजिंग फिल्म, रैपर और पॉलीथीन जैसे प्लास्टिक शामिल हैं। एकत्र किए गए प्लास्टिक को साफ और सुखाने के बाद उसकी ग्रेडिंग करनी होगी, ताकि वह आईआरसी के निर्धारित प्रकार, आकार और गुणवत्ता के अनुरूप हो। निकायों को अपने यहां उपलब्ध प्लास्टिक कचरे और हर तिमाही तैयार होने वाले ग्रेडेड प्लास्टिक की मात्रा का आकलन कर उसका रजिस्टर भी संधारित करना होगा।

ठेकेदारों से लिखित समझौता, आपूर्ति और भुगतान की शर्तें तय होंगी

निर्देश के अनुसार, नगरीय निकायों को अपने क्षेत्र और आसपास के लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ सड़क विकास निगम, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा निकायों के अपने डामरीकृत सड़क निर्माण कार्यों में लगे ठेकेदारों की सूची संबंधित कार्यपालन अभियंताओं से प्राप्त करनी होगी। इसके बाद ठेकेदारों के साथ ग्रेडेड प्लास्टिक की आपूर्ति के लिए लिखित अनुबंध या एमओयू किया जाएगा। इसमें प्लास्टिक की आपूर्ति की मात्रा, दर, गुणवत्ता, परिवहन और भुगतान की शर्तें स्पष्ट रूप से दर्ज करनी होंगी। निकायों को अपने यहां होने वाले सभी नए बिटुमिनस सड़क निर्माण और नवीनीकरण कार्यों की निविदा शर्तों में आईआरसी की गाइडलाइन के अनुसार प्लास्टिक कचरे के उपयोग का प्रावधान अनिवार्य रूप से शामिल करना होगा। इसके साथ ही, ग्रेडेड प्लास्टिक की आपूर्ति निकाय के अपने एमआरएफ केंद्र से लेने की शर्त भी रखनी होगी।

जिला स्तर पर मांग और आपूर्ति का मिलान

विभाग ने निकायों को जिला स्तर पर संबंधित निर्माण विभागों के कार्यपालन अभियंताओं के साथ समन्वय कर निर्माणाधीन और प्रस्तावित सड़क कार्यों की जानकारी जुटाने को कहा है। इसका उद्देश्य सड़क निर्माण में ग्रेडेड प्लास्टिक की संभावित मांग और निकायों में उपलब्ध प्लास्टिक की आपूर्ति के बीच तालमेल स्थापित करना है। निर्देश में इस व्यवस्था को प्लास्टिक कचरे के वैज्ञानिक निपटान और चक्रीय अर्थव्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया गया है। नगरीय निकायों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की चेतावनी भी दी गई है।

खबर संक्षेप

कोठारी को उप्र और सोमेश को उत्तराखंड का जिम्मा

रायपुर। छत्तीसगढ़ मीडिया संयोजक मितुल कोठारी को उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव की सोशल मीडिया टीम का सदस्य बनाया गया है। पूर्व सोशल मीडिया संचालक सोमेश पांडे को मिली उत्तराखंड की जिम्मेदारी दी गई है। सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक दीपक म्हस्के ने पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सोशल मीडिया की जिनको जिम्मेदारी दी है, उसकी सूची जारी की है।

दीपावली से पहले 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर सहित देने की मांग

रायपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान लंबित 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का भुगतान एरियर सहित दीपावली से पहले करने की मांग की है। इस संबंध में फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक एवं छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी को पत्र भेजकर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है। फेडरेशन ने पत्र में कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता एरियर सहित देने का वादा किया था। फेडरेशन के अनुसार, वर्तमान में राज्य के कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, जबकि केंद्र सरकार की दर की तुलना में प्रदेश में 5 प्रतिशत की कमी है।

बाबा साहब की प्रतिमा खंडित करने की निंदा

रायपुर। महासमुंद जिले के झलप क्षेत्र में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा खंडित किए जाने की



घटना की राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज के संस्थापक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता भगवानू नायक ने कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा, बाबा साहब की प्रतिमा को तोड़ना आसान है, लेकिन उनकी विचारधारा को खत्म करना मुश्किल है। उन्होंने कहा, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर किसी एक वर्ग या समाज के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव हैं। उन्होंने देश को एक सशक्त और प्रगतिशील संविधान दिया, जिसने प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय के अधिकार सुनिश्चित किए।

उचित मूल्य की दुकानों से बिना शक्कर लिए लौट रहे हितग्राही

हर महीने 470 टन शक्कर का भंडारण, इस माह सिर्फ 60 टन ही करा पाए, इसलिए 86 प्रतिशत कार्डधारक वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अक्टूबर का महीना खत्म होने वाला है, लेकिन अभी भी लगभग 86 प्रतिशत कार्ड धारकों को शक्कर नहीं मिली है। महीना खत्म होने के साथ इन कार्ड धारकों की शक्कर भी लैप्स हो जाएगी। नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार जिलेभर में उचित मूल्य की कुल 719 दुकानें संचालित हैं। इन दुकानों में हर महीने पंजीकृत कार्ड धारकों के अनुसार 470 टन शक्कर का भंडारण नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर द्वारा कराया जाता है, लेकिन महीना खत्म होने को अब सिर्फ दो दिन बचे हैं, लेकिन अब तक मात्र 60 टन शक्कर का भंडारण ही कराया गया है। इसके कारण लगभग 14 प्रतिशत कार्ड धारकों को ही शक्कर बांटी गई है, वहीं शेष लगभग 86 प्रतिशत कार्ड धारक शक्कर से वंचित हैं।



10 दिन पहले 60 टन शक्कर मिली

महीना खत्म होने के 10 दिन पहले शक्कर की सप्लाई कारखाना से की गई है। बताया गया कि नागरिक आपूर्ति निगम की मांग पर कारखाना से सिर्फ दो ट्रक यानी 60 टन शक्कर भेजी गई है। यह शक्कर रायपुर एवं आरंग ब्लॉक क्षेत्र के लिए भेजी गई है। इस तरह इन दोनों क्षेत्रों की उचित मूल्य की दुकानों में मांग की तुलना में कम मात्रा में शक्कर भेजी गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा दुकानों में शक्कर वितरण हो। इसका रिकार्ड विभाग के पोर्टल में दिखे।

प्रदेश के दूसरे जिलों में भी यही स्थिति

रायपुर सहित प्रदेश के दूसरे जिलों में भी उचित मूल्य दुकानों में शक्कर का भंडारण नहीं होने से 80 से 85 प्रतिशत कार्ड धारकों को शक्कर का वितरण नहीं हो पाया है, जिसके कारण हितग्राहियों को बाजार से महंगी कीमत पर शक्कर लेनी पड़ रही है।

कारखानों में शक्कर का स्टॉक खत्म, इसलिए सप्लाई नहीं

विभाग के अधिकारिक सूत्र से जानकारी मिली है कि सहकारी शक्कर कारखानों से शक्कर का स्टॉक लगभग खत्म हो चुका है। इसके कारण सितंबर से उचित मूल्य की दुकानों के लिए शक्कर की सप्लाई प्रभावित है। हर महीने वितरण होने वाली शक्कर का आबंटन माह शुरू होने के पहले महीने में किया जाता है। यानी अक्टूबर के लिए शक्कर का आबंटन सितंबर में 15 तारीख के बाद किया जाना था, लेकिन कारखानों से सप्लाई नहीं होने के कारण अक्टूबर में उचित मूल्य दुकानों को शक्कर का आबंटन ही जारी नहीं किया गया। इसके कारण 1 तारीख से लेकर 20 तारीख तक शक्कर का वितरण ही नहीं हो पाया।

लैप्स हो जाएगी शक्कर, नवंबर में भी बंटना मुश्किल

महीना खत्म होने के बाद पोर्टल में बैक माह का शक्कर कोटे का ऑप्शन भी बंद हो जाता है। ऐसे में छुटे हुए हितग्राहियों को शक्कर मिल पाएगी या नहीं, इसकी जानकारी अधिकारी भी नहीं दे पा रहे। हालांकि सूत्र के अनुसार नवंबर में भी शक्कर वितरण होने की संभावना कम है, क्योंकि अभी तक आगामी महीने के लिए शक्कर का आबंटन नहीं हुआ है। ऐसे में आगामी महीने में भी शक्कर वितरण को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

कारखाना से 60 टन भेजी गई

कारखाना से 60 टन शक्कर भेजी गई है, जिसे रायपुर और आरंग की दुकानों में भंडारण कराकर हितग्राहियों को बांटा गया है।

- त्रिनाथ रेड्डी, डीएम, नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर

देवेंद्र ने सीएम को लिखा पत्र

चक्रवात प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा दें, कृषि कर्ज माफ करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश में अर्नब चक्रवात के प्रभाव से हुई भारी बारिश के कारण फसलों को हुए नुकसान को लेकर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा देने और उनके कृषि ऋण माफ करने की मांग की है। विधायक ने पत्र में कहा है कि लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और खेतों में पानी भरने से कटाई के लिए तैयार फसलें प्रभावित हुई हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कृषि पर निर्भर किसानों के सामने फसल खराब होने से परिवार के भरण-पोषण और आगामी कृषि कार्यों को लेकर संकट खड़ा हो गया है। देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का तत्काल सर्वेक्षण कराया जाए। सर्वेक्षण के आधार पर प्रभावित किसानों को जल्द उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही संकट का सामना कर रहे किसानों के कृषि ऋण माफ करने की घोषणा भी की जाए, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके।

मुंगेली दौरे के दौरान किसानों से की चर्चा: विधायक देवेंद्र यादव ने मुंगेली जिले के दौरे के दौरान खेतों में रुककर किसानों से चर्चा की। 'वोट बचाओ, देश बचाओ' कार्यक्रम के सिलसिले में मुंगेली प्रवास के दौरान किसानों ने उन्हें बारिश से फसलों को हुए नुकसान की जानकारी दी। किसानों की समस्याएं सुनने के बाद विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राहत और मुआवजे की मांग उठाई।

बैज बोले- बेमौसम बारिश से फसल नुकसान का आकलन कर मुआवजा घोषित करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से हुई बेमौसम बारिश के कारण फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर तत्काल मुआवजा घोषित करने की मांग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने की है। उन्होंने कहा, खराब मौसम, अतिवृष्टि और कीट प्रकोप से किसानों की खरीफ फसल, विशेषकर धान को भारी नुकसान हुआ है। सरकार तत्काल सर्वे कराकर नुकसान का आकलन करे और जिन किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है, उन्हें 70,518 रुपये प्रति एकड़ की दर से एकमुश्त मुआवजा देने की घोषणा करे। बैज ने कहा, धान के लिए 3,358 रुपये प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाना चाहिए। उनके अनुसार, किसानों की फसल बर्बाद होने के बावजूद सरकार ने अब तक नुकसान के आकलन और राहत देने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए हैं। प्रशासनिक उदासीनता के कारण संकट से जूझ रहे किसानों की परेशानी बढ़ रही है।

भाजपा की कल राजधानी में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदेशभर में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ" रैली आयोजित करने का फैसला किया है। 31 अक्टूबर को सबसे बड़ी रैली राजधानी रायपुर में की जाएगी। इसमें दस हजार की भीड़ जुटाने के लिए रायपुर के 20 मंडलों को जिम्मेदारी दी गई है। हर मंडल को 500 की भीड़ लाने के लिए कहा गया है।



रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सहित रायपुर जिले के भाजपा के सातों विधायक और सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी रहेंगे। जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बताया, रैली सुभाष स्टेडियम से प्रारंभ होकर घड़ी चौक पर सभा के रूप में समाप्त होगी। रैली में 10,000 कार्यकर्ताओं की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया है। रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति कथित अपमानजनक भाषा के प्रयोग पर आपत्ति जताते हुए कार्यकर्ताओं से लोकतांत्रिक मर्यादाओं के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद करने और विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया गया है। रैली के बाद घड़ी चौक में बड़ी सभा होगी। इस सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्यससभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे के साथ ही राजधानी के निगम के सभी भाजपा पार्षद भी रहेंगे।

भाजपा का 'लोकतंत्र बचाओ अभियान' ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के लोकतंत्र बचाओ अभियान पर कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि यह अभियान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए चलाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, मतदाता अपने मतदान के अधिकार की रक्षा के लिए एकजुट हो रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिए मतदाता सूची से नाम काटे जा रहे हैं। इसी के विरोध में कांग्रेस और विपक्षी दलों ने देशभर में आंदोलन शुरू किया है।



शुक्ला ने कहा, युवा, छात्र, विपक्षी दल और आम नागरिक मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग के बीच गठबंधन के खिलाफ देशभर में माहौल बन रहा है। इसी से घबराकर भाजपा लोकतंत्र बचाओ अभियान चला रही है। उन्होंने भाजपा द्वारा प्रदर्शनकारियों को भीड़ तंत्र बताने पर भी आपत्ति जताई और कहा, लोकतंत्र में जनता की भागीदारी ही उसकी ताकत है।

सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया कि भाजपा का लोकतंत्र बचाओ अभियान वोट चोरी के मुद्दे से ध्यान हटाने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का बचाव करने की कोशिश है। उन्होंने कहा, मतदाता सूची से नाम हटाने के मामले में कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं, लेकिन भाजपा इन सवालों का जवाब देने के बजाय चुनाव आयोग के बचाव में उतर आई है।

दिल्ली रैली में शामिल होंगे छत्तीसगढ़ के कांग्रेस दिग्गज नेता, सभी जिलों से जाएंगे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान पर आयोजित होने वाली रैली में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों का दल रवाना होने लगा है। प्रदेश के सभी 33 जिलों से जिला कांग्रेस अध्यक्षों, विधायकों, सांसदों तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पदाधिकारियों के रैली में शामिल होने की तैयारी है। बताया गया है कि दिल्ली पहुंचने के लिए ट्रेन, बस, निजी वाहन और हवाई मार्ग से जाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। प्रदेश से 3 हजार से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता जाएंगे।



रैली में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों की भागीदारी रहेगी। जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के नेताओं की मौजूदगी के जरिए पार्टी अपनी संगठनात्मक भागीदारी दर्ज कराएगी। रैली में शामिल होने के लिए विभिन्न जिलों के कांग्रेस नेताओं और पदाधिकारियों के दिल्ली पहुंचने की तैयारी की जा रही है। ट्रेन अधिकांश पदाधिकारी जा रहे हैं। राजधानी एक्सप्रेस, समता एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, हम सफर एक्सप्रेस सहित अन्य स्थानों से जाने वाली ट्रेनों से पहुंचेंगे। बताया गया है कि 30 अक्टूबर को अधिकांश जिला अध्यक्ष रवाना होंगे। शहर जिला अध्यक्ष अपने साथियों के साथ ट्रेन से दिल्ली रवाना होंगे। शहर के कई कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने 31 को प्लेन से दिल्ली रवाना हो रहे हैं।

सभी जिलों का प्रतिनिधित्व रहेगा

कांग्रेस के इस कार्यक्रम में प्रदेश के नेताओं की भागीदारी को देखते हुए संगठन स्तर पर समन्वय किया जा रहा है। 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाली रैली में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों का प्रतिनिधित्व रहेगी। कांग्रेस दिल्ली रैली में यहां के कार्यकर्ताओं को एक साथ ले जाने विशेष ट्रेन बुक कराने का प्रयास किया था। रेलवे द्वारा विशेष ट्रेन नहीं दिए जाने के बाद सभी को अपने-अपने साधन से पहुंचने कहा गया है। बताया गया है कि गुरुवार को कई कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हो गए हैं। शुक्रवार-शनिवार को ट्रेन से जाने वालों ने टिकट बुक करा ली है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर - 9, तेलीबांधा तहसील रायपुर जिला रायपुर

आम सूचना

दिनांक - 27/10/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका Jaspreet Singh Saluja पिता- Jasvinder Singh Saluja पता द्वारा आवेदित ग्राम लाभांडी प.ह.न. 00065 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 9 - तेलीबांधा स्थित भूमि खसरा नंबर 333 / 9 (0.0465) हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के ज्ञा. / रा. प्र.क्र. 202610110800020 रायपुर के आदेश दिनांक 07/10/2026 के परिपालन में दिनांक 03/11/2026 को 2 PM बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक 03/11/2026 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 2 PM समय तक पटवारी हल्का नंबर 00065 / राजस्व निरीक्षक रायपुर - 9 तेलीबांधा के स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
neelkanth verma
रायपुर-9-तेलीबांधा

Name change

यह सूचित किया जाता है कि मैं, अक्षयी तिवारी, पत्नी रोहित तिवारी, निवासी: मंगल भवन, लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास, कोटा, रायपुर (छ.ग), ने अपना पुराना नाम **Akshyaee Tiwari** बदलकर अब **Akshayee Tiwari** रख लिया है।

भविष्य में मुझे सभी सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **Akshayee tiwari** के रूप में ही पहचाना व संबोधित किया जाए।

नाम: **Akshayee tiwari**
पता: मंगल भवन, लक्ष्मीनारायण मंदिर, कोटा, रायपुर (छ.ग.)

केंद्रीय मंत्री नड्डा व शिवराज और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी आज आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी शुक्रवार को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं।

श्री नड्डा दोपहर 1:00 बजे रायपुर पहुंचेंगे और विमानतल से वे सीधे सिविल लाइन्स स्थित मुख्यमंत्री निवास जाएंगे। श्री नड्डा अपराह्न 3.15 बजे दुर्ग के लिए रवाना होंगे, जहां महेश कॉलोनी (पुलगांव) में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। श्री नड्डा अपराह्न 4 बजे भाजपा के लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान के तहत महेश कॉलोनी से गंजपारा चौक (दुर्ग) तक आहूत पदयात्रा में हिस्सेदारी करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान शाम 7 बजे रायपुर पहुंचेंगे। श्री चौहान शनिवार 31 अक्टूबर को सुबह 10 बजे राजधानी के आईसीएआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बॉयोटिक स्ट्रेस मैनेजमेंट के खेत बचाओ अभियान और पौधरोपण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। श्री चौहान दोपहर 1.30 बजे राजधानी के नेताजी सुभाष स्टेडियम से तेलीबांधा मरीन ड्राइव तक आयोजित पदयात्रा में शामिल होंगे।



खबर संक्षेप

नवजात के लिए मध्यरात्रि नियोनेटल एम्बुलेंस की व्यवस्था

रायपुर। जन्म के महज कुछ पल बाद ही अस्वस्थ हुए अपने बच्चे को रायपुर लाने के लिए मध्यरात्रि नियोनेटल एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई। परिजनों ने आधी रात स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मदद की गुहार लगाई। गर्भावस्था के सातवें महीने में जन्मे इस नवजात को बेहतर उपचार की आवश्यकता थी। स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल नवजात शिशु के लिए विशेष एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उनकी पहल पर बिलासपुर से एम्बुलेंस रायगढ़ भेजी गई और बच्चे को रायपुर लाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल नवजात की हालत स्थिर है और चिकित्सकों की निगरानी में उसकी देखभाल की जा रही है।

पुष्पांजलि का आयोजन कल


रायपुर। पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी की पुण्यतिथि के मौके पर शनिवार को प्रातः 11 बजे नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जोन 4 के सहयोग से शहरके कालीबाड़ी चौक में स्थित प्रतिमा स्थल के समक्ष उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि दी जाएगी। संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने प्रतिमा स्थल की सफाई कराने के निर्देश जोन के अधिकारियों को दिए।

मुख्य मार्ग की सफाई का निरीक्षण

रायपुर। स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने मुख्य मार्गों की सफाई का बाजारों में निरीक्षण कर दीपावली पर्व के पूर्व शहर में विशेष सफाई अभियान चलाने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा सहित जोन अधिकारियों के साथ मुख्य बाजार मार्गों की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गायत्री चंद्राकर ने मालवीय मार्ग सहित शहर के अन्य बाजार के प्रमुख मार्गों में सफाई की स्थिति देखी।

निधन

भारत सिंह



रायपुर। भिलाई-3, चरोदा स्टेशन चौक, जी केबिन निवासी भारत सिंह (76) का 28 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सिरसाकला श्मशानघाट में किया गया। वे पत्रकार गंगाप्रसाद सिंह और संतराम सिंह के पिता थे।

तालाबों से जलकुंभी हटाने निगम खरीद रहा डेढ़ करोड़ की बीड हार्वेस्टर पांड क्लीनर मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के तालाबों में जलकुंभी की समस्या का नगर निगम अब स्थायी तोड़ निकालने जा रहा है। इसके लिए रायपुर नगर निगम डेढ़ करोड़ रुपए खर्च कर आधुनिक तकनीक से निर्मित बीड हार्वेस्टर पांड क्लीनर मशीन क्रय कर रहा है। मशीन क्रय करने नगर निगम को पंद्रहवें वित्त आयोग मद से राशि मिली है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने नई मशीन क्रय करने जेम पोर्टल पर ऑनलाइन टेंडर कर दिया है, जिसमें आधा दर्जन एजेंसियों ने निविदा भरने में रुचि दिखाई है।

नवबंर के मध्य तक एजेंसी तय कर ली जाएगी। नई मशीन आने से नगर निगम को शहर के विभिन्न तालाबों से जलकुंभी सफाई में हर साल होने वाले डेढ़ करोड़ रुपए के खर्च से राहत मिलेगी। साथ ही तालाबों में जलकुंभी की समस्या का स्थायी समाधान मिल सकेगा। इससे जहां तालाब का पानी स्वच्छ रहेगा, वहीं पानी में आक्सीजन की मात्रा बढ़ेगी, जिसका फायदा तालाब के पानी में रहने वाले जलीय जीव जंतुओं को भी मिलेगा।

दरअसल, दलपत सागर तालाब जगदलपुर की तर्ज पर आने वाले दिनों में रायपुर शहर के तालाबों से जलकुंभी की सफाई मशीन से कराई जाएगी। यह मशीन पानी में तैरती जलकुंभी, कचरा और अन्य जलीय खरपतवार को काटकर समेटते हुए सीधे कन्वेयर बेल्ट के जरिए बाहर निकालेगी। जलकुंभी की समस्या का स्थायी निदान करने नगर निगम बीड हार्वेस्टर पांड क्लिनर मशीन क्रय कर रहा है। जेम पोर्टल के जरिए इसकी खरीदी के लिए ऑनलाइ टेंडर किया गया है। टेंडर की शर्त के मुताबिक एल- 1 आने वाली एजेंसी को मशीन सप्लाई का वर्कआर्डर जारी होगा, संबंधित एजेंसी 1 साल तक मशीन का संचालन, संधारण का कार्य अपने खर्च पर करेगी।

जलकुंभी सफाई पर हर साल डेढ़ से 2 करोड़ खर्च कर रहा निगम

निगम का स्वास्थ्य महकमा प्रति वर्ष शहर के विभिन्न तालाबों से जलकुंभी की सफाई कराने डेढ़ से दो करोड़ रुपए खर्च करता है, इसके लिए संबंधित जोन के माध्यम से ऑनलाइन टेंडर कर मेनुवल लेबर, जेसीबी मशीन और तालाब से निकाले हुए जलीय कचरे को ट्रकों से परिवहन कराने का खर्च शामिल है। इसके बाद भी तालाबों जलकुंभी की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही। आमतौर नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग बारिश आने से पहले शहर के विभिन्न तालाबों को जलकुंभी मुक्त करने टेंडर निकालता है, लेकिन बारिश के 5 से 6 माह बाद पूरे तालाब में फिर से जलकुंभी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसे देखते हुए नगर निगम अब स्वयं की बीड हार्वेस्टर पांड मशीन की खरीदी कर रहा है।

- जेम पोर्टल से ऑनलाइन टेंडर नवंबर के मध्य तक तय होगी एजेंसी
- पंद्रहवें वित्त आयोग मद से मिली है मशीन क्रय करने राशि



एमआईसी ने मिली है स्वीकृति

महापौर की परिषद ने सरोवर धरोहर के कंसेप्ट पर तालाबों को स्वच्छ रखने और जलकुंभी की समस्या का स्थायी समाधान करने नई मशीन क्रय करने के प्रस्ताव को एमआईसी से पारित कर इसकी मंजूरी पहले ही दे दी है। चूंकि गंदे नालों के पानी से निकलने वाले तत्वों के कारण जलकुंभी पनपती है। इसलिए तालाबों में गिरने वाले नालों का रूख मोड़ने और गंदे पानी के शुद्धिकरण के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट सिस्टम पर कार्य किया जा रहा है। बूढ़ातालाब, महाराजबंध, बंधवा, पहलदवा और खो-खो तालाब के अलावा टिकरापारा क्षेत्र के नरैया तालाब में नाले-नालियों गंदे पानी को तालाब में गिरने से पहले उसके शुद्धिकरण करने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा रहा है।

जलकुंभी हटाने बीड हार्वेस्टर पांड क्लीनर मशीन

शहर के तालाबों में जलकुंभी की समस्या दूर करने बीड हार्वेस्टर पांड क्लीनर मशीन क्रय की जा रही है। पंद्रहवें वित्त आयोग मद में इसके लिए राशि स्वीकृत हुई है। जेम पोर्टल से इसकी खरीदी होगी। ऑनलाइन टेंडर के बाद एजेंसी तय करने की प्रक्रिया चल रही है।

विनोद पांडे, अपर आयुक्त, नगर निगम रायपुर

इग्नू में अब ऑनलाइन जमा होंगे असाइनमेंट, 20 नवंबर तक समय

25 नवंबर से प्रारंभ होगी टर्म-एंड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन असाइनमेंट मैनेजमेंट सिस्टम शुरू किया है। इसके जरिए मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा और ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में नामांकित पात्र विद्यार्थी दिसंबर 2026 की टर्म-एंड परीक्षा के लिए अपने असाइनमेंट ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार, असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तारीख 20 नवंबर है। वहीं, दिसंबर 2026 की टर्म-एंड परीक्षा 25 नवंबर से शुरू होगी। जिन विद्यार्थियों ने अपने असाइनमेंट संबंधित अध्ययन केंद्र या क्षेत्रीय केंद्र पर पहले ही जमा कर दिए हैं, उन्हें उन्हीं असाइनमेंट को पोर्टल पर दोबारा अपलोड करने की जरूरत नहीं है। विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपने पाठ्यक्रम से जुड़े असाइनमेंट जमा करने की आवश्यकताओं और नियमों को समझने के लिए विश्वविद्यालय के विस्तृत निर्देश भी देख लें।

इग्नू ने छात्रों से अनुरोध किया है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते असाइनमेंट जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर लें। प्रबंधन ने कहा, असाइनमेंट जमा करना परीक्षा प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए सभी पात्र विद्यार्थियों को निर्धारित प्रारूप और विश्वविद्यालय के नवीनतम दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समय सीमा के भीतर अपने असाइनमेंट जमा करने चाहिए।

पात्र विद्यार्थी उठा सकेंगे लाभ

यह सुविधा इग्नू के मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा तथा ऑनलाइन कार्यक्रमों में नामांकित पात्र विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है। विद्यार्थी अपने इग्नू समर्थ खाते में लॉगिन करके संबंधित पाठ्यक्रमों के असाइनमेंट ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस व्यवस्था से असाइनमेंट जमा करने की पुष्टि प्राप्त करने और मूल्यांकन की स्थिति जानने में भी मदद मिलेगी। ऑनलाइन असाइनमेंट जमा करने के लिए विद्यार्थियों को सबसे पहले इग्नू के समर्थ पोर्टल पर जाना होगा।

रेलवे ने कहा- परिवहन हमारी जिम्मेदारी, गुणवत्ता जांच खाद्य विभाग का काम

दिवाली पर ट्रेनों से आसानी से पहुंच रहा नकली मावा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिवाली पर मिठाइयों की मांग बढ़ने के साथ नकली मावे और पनीर की आवक को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्वालियर समेत मध्यप्रदेश के कुछ शहरों में नकली मावा, दूध, पनीर और घी के कारोबार के मामले सामने आते रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी दूसरे राज्यों से मावा पहुंचता है। ऐसे में रेलवे पार्सल के जरिए आने वाले सामान की जांच व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। रायपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों से पहुंचने वाले पार्सल की व्यवस्थित जांच का प्रभावी इंतजाम नजर नहीं आया। बिल देखकर सामान की डिलीवरी किए जाने से दूसरे राज्यों से आने वाला संदिग्ध मावा आसानी से रायपुर पहुंचने की आशंका है।

हरिभूमि टीम ने दोपहर करीब 2 बजे रायपुर स्टेशन के पार्सल बुकिंग कार्यालय का जायजा लिया। उस समय सामान की आवक-जावक जारी थी, लेकिन पार्सल स्कैनर मशीन के आसपास कोई कर्मचारी नजर नहीं आया। मशीन के चारों ओर बड़े-बड़े लगेज रखे थे। जांच के बाद सामान निकालने वाली जगह पर भी लगेज रखे होने से जांच प्रक्रिया प्रभावित होने की स्थिति दिखी।

स्टेशन पर स्कैनर मशीन के पास नहीं दिखे कर्मचारी

दूसरे राज्यों से आने वाले पार्सल बिल देखकर हो रहे डिलीवर



बुकिंग के समय जांच, पहुंचने पर व्यवस्था नहीं

रेलवे में पार्सल बुकिंग के दौरान सामान की जांच की व्यवस्था है, लेकिन दूसरे राज्यों के छोटे स्टेशनों से बिना स्कैनिंग के सामान बुक होने और रायपुर पहुंचने पर उसकी जांच नहीं होती हैं। रोजाना बड़ी संख्या में पार्सल पहुंचने के कारण जांच व्यवस्था के लिए अतिरिक्त मैनपावर की जरूरत है। रेलवे का कहना है कि प्रतिबंधित सामान की जांच करना उसकी जिम्मेदारी है, जबकि नकली मावा या पनीर की गुणवत्ता की जांच खाद्य एवं औषधि विभाग के दायरे में आती है। ऐसे में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और पार्सल की सुरक्षा जांच के बीच समन्वय जरूरी है।

गांजा तस्करी की आशंका भी

ओडिशा से रायपुर आने वाले रेल मार्ग पर मछलियों के कारोबार के लिए बोरियों में सामान भेजा जाता है। इसी मार्ग से गांजा तस्करी की आशंका भी जताई जाती रही है। पार्सल और सामान की प्रभावी जांच नहीं होने पर प्रतिबंधित वस्तुओं की आवाजाही रोकना चुनौती बन सकता है। दिवाली के दौरान खाद्य पदार्थों की मांग और पार्सल की आवाजाही बढ़ने के बीच जांच व्यवस्था मजबूत करना जरूरी है, ताकि संदिग्ध सामान की पहचान समय पर हो सके और लोगों तक पहुंचने वाले खाद्य पदार्थों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

जांच में सहयोग करता है रेलवे

रेलवे नियमानुसार प्रतिबंधित सामान की जांच करना हमारी जिम्मेदारी है, जबकि नकली मावा या पनीर की गुणवत्ता की जांच खाद्य एवं औषधि विभाग के दायरे में आती है। रेलवे जांच में सहयोग करता है।

डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव
सीनियर डीसीएम

की जा रही निगरानी

रेलवे स्टेशन से लेकर बसस्टैंड तक लगातार खाद्य पदार्थों की निगरानी की जा रही है। सूचना मिलने पर जांच और सैंपल लिया जा रहा है।

- विनोद कुमार गुप्ता, अभिहित अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

पुराना निगम मुख्यालय के पास खाली जगह से हटाया मलबा

स्वच्छता लक्षित इकाई के रूप में संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 4 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को मालवीय रोड में नगर निगम रायपुर के पुराने मुख्यालय भवन वाली खाली जमीन पर फैली गंदगी और मलबे की विशेष सफाई करवाई। एक अरसे से इस खाली जमीन में कचरा, गंदगी और मलबा फैला हुआ था। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर सदर बाजार स्वामी विवेकानंद वार्ड क्षेत्र की जमीन को साफ-सुथरा इसे लक्षित इकाई के रूप में विकसित करने की पहल की गई। हाल ही मे जोन 4 कार्यालय में जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा और जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी की उपस्थिति में मालवीय रोड व्यापारी संघ, गोलबाजार व्यापारी एसोसियेशन के और पुलिस विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक में चर्चा के बाद यह तय हुआ कि गोलबाजार के चिकनी मंदिर के सामने सड़क पर पूजा सामग्री बेचने वाले वेंडरों को दीपावली त्योहार के मद्देनजर 5 दिनों तक अस्थायी रूप से मालवीय रोड क्षेत्र में नगर निगम के पुराने मुख्यालय बिल्डिंग वाली खाली जमीन में व्यवस्थित किया जाए।

धृतलहरे को जोन 2 कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार

नगर निगम आयुक्त ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी करते हुए गुरूवार को रायपुर नगर निगम की प्रशासनिक व्यवस्था अंतर्गत जोन 2 के कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे को नगर निगम जोन 2 कमिश्नर का अतिरिक्त प्रशासनिक कार्य दायित्व दिया है।

बिजनेस साइट

बालको मेडिकल सेंटर में फेज-2 का भूमिपूजन, छत्तीसगढ़ में पहली बार शुरू हुई टीबीआई तकनीक

रायपुर। बालको मेडिकल सेंटर में फेज-2 विस्तार का भूमिपूजन 29 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान प्रदेश में पहली बार उन्नत रेडियोथेरेपी तकनीक टोटल बॉडी इरेडिएशन (टीबीआई) की शुरुआत की गई। वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की इस पहल के तहत 205 बेड का नया अस्पताल विकसित किया जाएगा। इससे संस्थान की कुल क्षमता 375 बेड हो जाएगी। यहां कैंसर उपचार के साथ कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स और नेफ्रोलॉजी जैसी विशेषज्ञ सेवाएं भी मिलेंगी। वीएमआरएफ की चेयरपर्सन ज्योति अग्रवाल ने इसे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही के अनुसार, टीबीआई तकनीक बोन मैरो ट्रांसप्लांट की तैयारी में मददगार होगी। सीनियर रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अभिनव इंगले ने बताया कि इस तकनीक से उपचार के दौरान रेडिएशन की खुराक की सटीक निगरानी की जाएगी। विस्तार योजना में नर्सिंग हॉस्टल और मरीजों के परिजनों के लिए 300 बेड की आवासीय सुविधा भी प्रस्तावित है।



युवाओं में बढ़ रहे हार्ट अटैक के मामले, जीवनशैली में बदलाव जरूरी: डॉ. जिनेश जैन



रायपुर। विश्व हृदय दिवस पर उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में हृदय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में गोल्ड मेडलिस्ट हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जिनेश जैन मुख्य वक्ता रहे, जबकि अध्यक्षता हॉस्पिटल के संचालक डॉ. विनोद सिंह ने की। डॉ. जैन ने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण युवाओं में हृदय रोग और हार्ट अटैक के मामले बढ़ रहे हैं। 25 से 35 वर्ष के युवाओं में भी हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की समस्या सामने आ रही है। उन्होंने तनाव, अनियमित नींद, धूम्रपान, शराब, जंक फूड और शारीरिक गतिविधियों की कमी को प्रमुख जोखिम बताया। डॉ. विनोद सिंह ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य इलाज के साथ बीमारी से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। विशेषज्ञों ने नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन, पर्याप्त नींद और समय-समय पर ब्लड प्रेशर, शुगर व कोलेस्ट्रॉल की जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने सीने में दर्द, सांस फूलने और असामान्य पसीने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने की अपील की।

छत्तीसगढ़ के 25 जिलों में 'निधि आपके निकट 2.0' शिविर संपन्न

रायपुर। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर की ओर से छत्तीसगढ़ के सभी 25 जिलों में आयोजित 'निधि आपके निकट 2.0' जन-सुनवाई शिविरों का समापन हुआ। शिविरों में कर्मचारियों, नियोक्ताओं और पेंशनभोगियों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। अभियान के दौरान 70 से अधिक नियोक्ताओं और प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों तथा 400 से अधिक कर्मचारियों ने सहभागिता की। शिविरों में पीएफ निकासी, ऑनलाइन क्लेम, ई-नामांकन, यूएएन सक्रिय करने और केवाईसी सुधार से संबंधित 350 से अधिक शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। पेंशनभोगियों के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने और पेंशन संबंधी विसंगतियों को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया गया। वहीं, 'प्रयास' योजना के तहत पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) की प्रतियां भी वितरित की गईं। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त जयवदन इंगले ने कहा कि ईपीएफओ भविष्य में भी ऐसे शिविरों के माध्यम से सदस्यों को सीधे सेवाएं उपलब्ध कराता रहेगा।



श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में एंटी-रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर। श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करने कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें बीडीएस प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित तुकाराम कांबले मुख्य अतिथि और पुलिस उपायुक्त, नॉर्थ जोन दीपमाला कश्यप विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कांबले ने कहा कि रैगिंग विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और शैक्षणिक जीवन पर गंभीर असर डाल सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, आपसी सम्मान और सकारात्मक व्यवहार अपनाने के साथ नशे से दूर रहने की सलाह दी। दीपमाला कश्यप ने रैगिंग से जुड़े कानूनी प्रावधानों और दंडात्मक कार्रवाई की जानकारी दी। वहीं, डॉ. राम तिवारी ने रैगिंग के सामाजिक, मानसिक और शैक्षणिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक सीए नितिन पटेल सहित मेडिकल और डेंटल कॉलेज के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रबंधन ने परिसर को सुरक्षित और रैगिंग मुक्त बनाने के लिए विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।



पीएनबी की वॉकाथॉन में दिया सत्यनिष्ठा से समृद्धि का संदेश

रायपुर। पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) के मंडल कार्यालय रायपुर की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' थीम पर वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य पारदर्शिता, ईमानदारी और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के प्रति लोगों को जागरूक करना था। सुबह 7 से 8:30 बजे तक आयोजित वॉकाथॉन की शुरुआत तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव से हुई। पैदल यात्रा का समापन पीएनबी की तेलीबांधा शाखा में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा एवं सतर्कता की सामूहिक शपथ लेकर की। इसके बाद जागरूकता संदेश लिखी तख्तियों के साथ प्रतिभागियों ने पैदल मार्च किया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख वीरेंद्र कुमार शर्मा, उप अंचल प्रमुख मनीष देबवर्मा, उप मंडल प्रमुख शेख नसरुल्ला और राजेश कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। श्री शर्मा ने कहा कि सतर्कता और ईमानदारी बैंक की कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने सत्यनिष्ठा के मूल्यों को अपनाकर सशक्त समाज के निर्माण का आव्हान किया।



तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी आरोपी मप्र से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

घरेलू समस्या तथा बीमारी को तंत्र-मंत्र, पूजा पाठ कर ठीक करने का झांसा देकर 20 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने वाले युवक को गंज पुलिस ने मध्यप्रदेश, ग्वालियर से गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक अन्य फरार आरोपी की पुलिस पतासाजी कर उसकी जल्द गिरफ्तारी की बात कह रही है।

फाफाडीह निवासी जसवंत परमार की शिकायत पर पुलिस ने गुरुदयाल सिंह उर्फ दल्लू को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि इसी साल मार्च में तीन अज्ञात साधु उनके घर आए थे। उनकी पत्नी की बीमारी एवं आंखों की परेशानी सहित घरेलू समस्याओं के संबंध में सटीक बातें बताकर उसे झांसे में लिया। इसके बाद पूजा-पाठ करने के नाम पर जालसाज ने पहली बार उसकी पत्नी से सोने की अंगूठी एवं नगद ले लिए। लगभग 10-12 दिन बाद पुनः घर आकर पूजा कर जेवरात वापस करने का झांसा देकर सोने की चेन सहित अन्य सोने-चांदी के आभूषण लेते रहे। आरोपियों ने इस संबंध में किसी को बताने पर परिवार के सदस्यों की मृत्यु होने अथवा अनिष्ट होने का भय दिखाकर उसे चुप रहने के लिए कहा।

घरेलू समस्याओं के समाधान का झांसा देकर की थी लाखों की ठगी



ऐसे पता चला ठगी हुई है

सोने-चांदी के जेवर, नगदी ले जाने के बाद जालसाज सात सितंबर को पीड़ित की पत्नी को कॉल कर और अधिक जेवरात एवं नकदी की मांग करने लगे, जिससे उसकी पत्नी को संदेह हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी की गई है। आरोपियों द्वारा न तो कोई पूजा-पाठ कराया गया और न ही लिए गए आभूषण वापस किए गए। इसके बाद पत्नी ने अपने पति को घटना की जानकारी दी और थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

भरे बजार युवक को दौड़ाकर चाकू मारने सहित एक अन्य केस में दो को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हत्या के दो अलग-अलग केस में कोर्ट ने दो युवकों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। प्रकरण की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश यशोदा नाग तथा नरेंद्र कुमार की कोर्ट में हुई है। हत्या की घटना 2021 तथा 2024 में हुई थी। दोनों घटना में आरोपियों ने चाकू से मारकर हत्या की थी। एक प्रकरण में आरोपी ने युवक पर चाकू से 19 वार कर उसकी हत्या की थी।

अतिरिक्त लोक अभियोजक जानकी बिलथरे के अनुसार गोलबाजार थाना क्षेत्र में 19 जुलाई 2021 को भोला तांडी की हत्या के आरोप में कोर्ट ने बैजनाथपारा निवासी मिराज कुरैशी को कैद की सजा सुनाई है। घटना दिनांक को रात 9.30 बजे मृतक अपने चचेरा भाई तथा एक अन्य दोस्त के साथ किताब लाइन में व्हाइटनर खरीदने के लिए गया था। घटना स्थल पर आरोपी किसी युवक के साथ विवाद कर रहा था। मृतक तथा उसके साथियों के मना करने पर आरोपी उन्हें सयाना बनने की बात कह कर उलझने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने जेब से चाकू निकालकर मृतक पर हमला किया। बचने के लिए भागने पर आरोपी ने भरे बाजार दौड़ा-दौड़ाकर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

गोलबाजार, तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र की घटना

एक मृतक के शरीर पर चाकू के 19 वार के निशान मिले



अपने साथ शराब पीने ले जाकर चाकू मारकर हत्या

अतिरिक्त लोक अभियोजक रितेश कुमार अवस्थी के अनुसार हेम कुमार साहू को कोर्ट ने ओम प्रकाश रात्रे उर्फ गोला की हत्या के आरोप में कैद की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के अनुसार दो नवंबर 2024 को मृतक तथा आरोपी दोनों बाइक में सवार होकर शराब पीने गए थे। इस दौरान उन दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इस पर आरोपी ने उसके शरीर के अलग-अलग हिस्सों में 19 बार चाकू से कर मौत के घाट उतार दिया।

एआई तकनीक से निर्माण कार्यों की निगरानी होगी और प्रभावी

रायपुर। निर्माण कार्यों की प्रगति पर प्रभावी निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिला पंचायत रायपुर द्वारा तकनीक आधारित समीक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन ने वीबी-जी-राम जी योजना के अंतर्गत निर्मित किए जा रहे बालिका शौचालयों सहित अन्य निर्माण कार्यों की जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा एआई आधारित डैशबोर्ड के माध्यम से की। डैशबोर्ड के जरिए प्रत्येक निर्माण कार्य की कार्यवार विस्तृत जानकारी एवं प्रगति का अवलोकन कर समीक्षा की गई।

खमतराई मुक्तिधाम की सफाई

रायपुर। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जोन 1 द्वारा वीर शिवाजी वार्ड के खमतराई मुक्तिधाम परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता कायम करते हुए वहां के की दीवाल पर पेंटिंग एवं रंगरोगन कराकर उसे स्वच्छता लक्षित ईकाई के अंतर्गत सुव्यवस्थित स्वरूप दिया गया। इसी प्रकार नगर निगम जोन 3 के गुरु गोविंद सिंह वार्ड अंतर्गत गोविंद नगर में सीटीयू स्वच्छता लक्षित ईकाई का विकास कर मुक्कड की सघन सफाई करवाई गई।

नाले में गिरी भैंस, क्रेन से बाहर निकाला

रायपुर। वर्धमान कार एजेंसी भाठागांव के पास के गुरूवार को नाले में अचानक एक भैंस गिर गई। इसकी जानकारी मिलने पर जोन 5 और संबंधित थाना क्षेत्र की टीम ने साथ मिलकर क्रेन की सहायता से भैंस को सुरक्षित बाहर निकाला। लोगों ने नगर निगम जोन 5 को नाले में भैंस गिरने की सूचना दी थी, इस पर संज्ञान लेते हुए निगम की टीम तत्काल स्पॉट पर पहुंची और पुलिस की टीम के साथ भैंस को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला।

पेज 11 के शेष

कमजोर होकर ओडिशा में...

मौसम विभाग के अनुसार, इसका उत्तर की ओर बढ़ना जारी रहेगा। इसके आगे कमजोर होकर उत्तरी छत्तीसगढ़ तथा उससे सटे उत्तर-पश्चिमी ओडिशा के ऊपर एक 'सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र' में बदलने की संभावना है। चक्रवात के कमजोर होने के बाद भी इसके प्रभाव से व्यापक रूप से बादल छाए रहने, भारी बारिश और तीव्र संवहन की स्थिति निर्मित हो रही है। मध्य, पूर्वी और दक्षिणी भारत के बड़े हिस्सों (जिसमें छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्र शामिल हैं) पर इसका असर पड़ रहा है। रायपुर में शाम 5.30 बजे तक 15 मिलीमीटर अर्थात 1.5 सेमी बारिश हुई।

बाजार की त्योहारी भीड़ में 3 लेयर सुरक्षा...

डॉ. संजीव शुक्ला के अनुसार पर्व के दौरान किसी भी तरह की चोरी, उठाईगिरी तथा अन्य आपराधिक घटना रोकने तीन लेयर में सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए पुलिस लाइंस से अतिरिक्त बल मांगा गया है। गणेश पर्व के दौरान जिस प्रकार से तीन लेयर में सुरक्षा इंतजाम किए गए थे, उसी तरह से धनतेरस तथा दीपावली में सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

इन क्षेत्रों में नो पार्किंग की कार्रवाई : यातायात पुलिस द्वारा पुरानी बस्ती, मालवीय रोड, रायपुरा बाजार, महोबा बाजार, शारदा चौक, पचपेड़ी नाका, पंडरी कपड़ा मार्केट, तेलीबांधा बाजार क्षेत्र, तेलघानी नाका एवं आसपास के प्रमुख बाजार क्षेत्रों सहित शहर के विभिन्न व्यस्त मार्गों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारी खरीदारी के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ एवं वाहनों के दबाव को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। इन क्षेत्र में नो पार्किंग में पार्क किए गए 527 गाड़ियों की चालानी कार्रवाई की गई।

खबर संक्षेप



एक्का ने रायगढ़ विवि में ग्रहण किया कुलसचिव का कार्यभार

रायपुर। छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव शिरीष त्रिवेदी ने बताया कि सरगुजा विवि के पूर्व कुलसचिव एवं पं. रविशंकर शुक्ल विवि के गोपनीय विभाग के उप कुलसचिव विनोद एक्का ने गुरुवार को रायगढ़ विवि में कुलसचिव का पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर पेंशनर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री मिश्र और सचिव श्री त्रिवेदी ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही श्री मिश्र ने श्री एक्का से निवेदन किया कि वे रायगढ़ विवि के कर्मचारियों के साथ मिलकर विवि को अपने अनुभवों का लाभ दिलाते हुए बेहतर शिक्षा के नए आयाम स्थापित करें।

सहकारी बैंक की सीईओ अपेक्षा का बेहतर रहा कार्यकाल

रायपुर। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर की सीईओ अपेक्षा व्यास का स्थानांतरण



प्रशासनिक व्यवस्था के तहत नवा रायपुर स्थित अपेक्स बैंक मुख्यालय में किया गया है। सहकारी बैंक में उनके कार्यकाल के दौरान कई तरह के बदलाव हुए एवं बैंक ने उपलब्धियां हासिल कीं। वर्ष 2024-25 में बैंक को 216 करोड़ का सकल लाभ हुआ तथा वर्ष 2025-26 में भी बैंक ने 216 करोड़ का सकल लाभ कमाया। वर्ष 2025-26 में बैंक की सहकारी समितियों के माध्यम से 37,36,666 मीट्रिक टन धान खरीदा गया, जिसका कुल भुगतान किसानों को 11,583 करोड़ रुपए इस बैंक के माध्यम से किया गया। उनके कार्यकाल में बैंक द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से 12 प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का संचालन शुरू किया गया।

296.85 लाख का डामरीकरण केवल राजनीतिक दिखावा

रायपुर। वामनराव लाखे वार्ड क्रमांक-66 के अंतर्गत कुशालपुर क्षेत्र एवं प्रोफेसर कॉलोनी मार्ग पर



लोक निर्माण विभाग द्वारा 296.85 लाख की लागत से कराए जा रहे डामरीकरण कार्य को लेकर अधिवक्ता एवं छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के पूर्व सदस्य मनोज सिंह ठाकुर ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने इसे महज राजनीतिक दिखावा और जनता के गाढ़े पसीने की कमाई का खुला दुरुपयोग करार दिया है। श्री ठाकुर ने जारी बयान में कहा कि संतोषी चौक पर नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा जिस कार्य का भूमिपूजन किया गया है, उसमें क्षेत्र की सबसे बड़ी और ज्वलंत मांग सड़क चौड़ीकरण को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुशालपुर से प्रोफेसर कॉलोनी मार्ग के साथ ही, गोपियापारा से रिंगरोड पहुंच मार्ग भी अत्यधिक संकरा हो चुका है।

21 नवंबर से गूजेंगी शहनाई, हर सेक्टर में होगी जमकर कमाई


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शादियों के सीजन का आगाज दीपावली के बाद देवउठनी एकादशी से होगा। नवंबर और दिसंबर में महज 11 मुहूर्त होने के कारण अभी से सभी होटल, मैरिज हॉल, सामुदायिक भवन सबकी बुकिंग हो गई है। इसी के साथ कैटरिंग और बैंड बाजा वालों की भी बुकिंग हो चुकी है। अब तो लोगों को खोजने से भी शादियों के लिए भवन नहीं मिल रहे हैं। बाजार में भी जमकर खरीदारी हो रही है। एक तरफ दीपावली की खरीदारी हो रही है, तो दूसरी तरफ शादियों के लिए भी लोग खरीदारी कर रहे हैं। इस साल के दो माह के मुहूर्त में भी 400 करोड़ का कारोबार होने की संभावना है। हर सेक्टर में महंगाई के कारण सबके दाम भी बढ़ गए हैं।

दो माह में महज 11 मुहूर्त, होटल, मैरिज हॉल, भवन सब अभी से बुक

सोने की कीमत ज्यादा, खरीदी आधा

शादियों के लिए सोने और चांदी के गहनों की थोक में बिक्री होती है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक इस साल के बचे दो माह के सीजन में 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार पूरे प्रदेश में होगा। इस समय सोने और चांदी की कीमत पहले से कम होने के कारण अच्छी खरीदारी हो रही है। सोना इस समय जहां डेढ़ लाख से कम है, वहीं चांदी का दाम भी दो लाख से नीचे है। इस साल अक्षय तृतीया के बाद जब शादियों का सीजन प्रारंभ हुआ था, तब सोना एक लाख 65 हजार पांच सौ रुपए और चांदी के दाम पौने तीन लाख थे। इस समय पहले से कम है, लेकिन फिर भी दाम ज्यादा है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक सोने की कीमत को देखते हुए अब लोगों ने अपने बजट के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं। चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक चांदी में भी अब लाइटवेट जेवर ज्यादा बिक रहे हैं।



होटल, भवन, टेंट, कैटरर्स सब बुक

शादियों के मुहूर्त के हिसाब से पहले से ही होटल, भवन सब बुक हो गए थे। टेंट और कैटरिंग कारोबारी जसपाल सिंह होरा के मुताबिक पूरे सीजन में होटल, भवन, टेंट, कैटरिंग को मिलाकर करीब सौ करोड़ का कारोबार पूरे प्रदेश में होने की संभावना है।

इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटम का क्रेज

शादियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक आइटम की भी जमकर खरीदारी हो रही है। लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राजेश वासवानी के मुताबिक इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटम का ज्यादा क्रेज है, चाहे इसमें मोबाइल की बात हो, एसी, फ्रिज या फिर एलईडी टीवी की बात हो। हालांकि लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदारी करते हैं, लेकिन महंगे आइटम अब गांव वाले भी खरीद रहे हैं।

देवउठनी एकादशी के बाद शादियों का सीजन प्रारंभ होगा। इस सीजन का सबको इंतजार रहता है। इसी सीजन में बहुत शादियां होती हैं। शादियों के हर वर्ग के लोग अपनी क्षमता के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं। महंगाई के कारण लोगों ने अपनी खरीदारी का तरीका बदला है और अपने बजट के हिसाब से ही सारे सामान ले रहे हैं।

150 करोड़ का कपड़ा बाजार

प्रदेश का सबसे बड़ा राजधानी रायपुर का पंडरी कपड़ा बाजार इस बार लगातार गुलजार है। यहां पर रोज प्रदेश भर से लोग खरीदारी करने लगातार आ रहे हैं। शादियों के लिए भी जमकर खरीदारी हो रही है, लेकिन कपड़ों के 20 फीसदी तक महंगे होने के कारण इस बार कारोबार कम होगा।

अंबुजा मॉल ने बंद किया शुल्क लेना, अन्य मॉल अब भी वसूल रहे शुल्क


उपभोक्ता आयोग का आदेश बेअसर, रायपुर के मॉल में धड़ल्ले से वसूली जा रही पार्किंग फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मॉल में पार्किंग शुल्क को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के आदेश के बावजूद राजधानी के कई मॉल में पार्किंग शुल्क की वसूली जारी है। आयोग ने अंबुजा सिटी सेंटर मॉल से जुड़े मामले में ग्राहकों को दोपहिया और चारपहिया वाहनों की निःशुल्क पार्किंग उपलब्ध कराने के निर्देश को बरकरार रखा था। इसके बाद भी शहर के मैग्नेटो मॉल, ज़ोरा द मॉल और 36 सिटी सेंटर मॉल में वाहन खड़ा करने के नाम पर ग्राहकों से पैसे लिए जा रहे हैं। आदेश के बावजूद इन मॉल में पार्किंग शुल्क की व्यवस्था जारी है। वहीं, शुल्क वसूलने वाले कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पार्किंग फ्री करने के संबंध में कोई निर्देश नहीं मिला है।

हरिभूमि सरोकार









फिर दाखिल हुई याचिका

अधिवक्ता अंजने शुक्ल के मुताबिक, छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के आदेश के अनुसार मॉल में पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। इसके बावजूद कई मॉल में शुल्क वसूले जाने के मामले में फिर से याचिका दाखिल की गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आगे फैसला आने की संभावना है।

अंबुजा मॉल की अपील खारिज, आदेश बरकरार

पार्किंग शुल्क को लेकर शुरू हुआ यह विवाद अंबुजा सिटी सेंटर मॉल से जुड़ा है। 22 अप्रैल 2026 को रायपुर जिला उपभोक्ता आयोग ने मॉल को ग्राहकों से दोपहिया और चारपहिया वाहनों की पार्किंग फीस नहीं लेने व निःशुल्क पार्किंग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ मॉल की ओर से अपील की गई, लेकिन 24 सितंबर 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, रायपुर ने अपील खारिज कर जिला आयोग के आदेश को बरकरार रखा। इसके बाद अंबुजा मॉल में पार्किंग शुल्क लेना बंद कर दिया गया।

कहीं 20 तो कहीं 40 रुपए तक वसूली

हरिभूमि की पड़ताल में शहर के तीन मॉल में अलग-अलग दरों पर पार्किंग शुल्क लिए जा रहे हैं। मैग्नेटो मॉल और जोरा द मॉल में दोपहिया वाहन के लिए 20 रुपए और चारपहिया वाहन के लिए 30 रुपए वसूले जा रहे हैं। वहीं, 36 सिटी सेंटर मॉल में दोपहिया वाहन के लिए 30 रुपए और चारपहिया वाहन के लिए 40 रुपए तक पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है। पार्किंग शुल्क वसूलने वाले कर्मचारियों से जब पूछा गया कि उपभोक्ता आयोग के आदेश के बावजूद पैसे क्यों लिए जा रहे हैं, तो उनका जवाब था कि पार्किंग शुल्क बंद करने या पार्किंग निःशुल्क करने के संबंध में उन्हें कोई आदेश नहीं मिला है।

अमर पारवानी के नेतृत्व में संबित मिश्रा से मुलाकात

व्यापारी संगठनों ने निगम आयुक्त के समक्ष उठाए मुद्दे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के नेतृत्व में विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने गुरुवार को महात्मा गांधी सदन में निगम आयुक्त संबित मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारी संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने 4 बिंदुओं पर प्रमुखता से अपनी बात रखते हुए आयुक्त का ध्यान आकर्षित कराया। कैट छत्तीसगढ़ शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में व्यापारियों को हो रही समस्या और जन सुविधा से जुड़े मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की।

निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनकर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

कैट छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन,शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त संबित मिश्रा से मुलाकात कर शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में व्यापारियों की होने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए बिंदुवार ज्ञापन सौंपा।

एमजी रोड के सामने बेतरतीब पार्किंग

महात्मा गांधी व्यापारी विकास संघ ने एमजी रोड में खुली दुकानों के सामने चौपाटीसंचालित होने तथा बेतरतीब पार्किंग के कारण व्यापारिक गतिविधियों में आ रही बाधाओं से अवगत कराया। उन्होंने व्यापारिक क्षेत्र में व्यवस्थित यातायात,पार्किंग एवं दुकानों तक ग्राहकों की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। माठागांव व्यापारी संघ ने माठागांव में विस्थापन के दौरान आवंटित दुकानों के व्यापारियों को निगम के अधिकारियों द्वारा बार-बार परेशान किए जाने संबंधी समस्याएं रखीं। उन्होंने व्यापारियों को असुविधा से राहत दिलाने तथा नियमानुसार स्पष्ट व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। लालपुर व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र में जलभराव, गंदगी तथा सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े गंभीर विषयों को उठाया। उन्होंने जल निकासी व्यवस्था में सुधार, नियमित साफ-सफाई तथा सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की इस अवसर पर कैट के प्रतिनिधियों ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाना और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना कैट की प्राथमिकता है।

पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने महिला आयोग ने विभाग को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने एक पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस विभाग को पत्र लिखा है। आयोग में एक महिला ने शिकायत की है कि पुलिस कर्मी अपनी वर्दी की धौंस दिखाकर उसका दैहिक शोषण करने के साथ उसकी नाबालिग बेटी का पीछा कर उसे परेशान करता है। इस मामले में सुनवाई करते हुए आयोग ने अब पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई के लिए अनुशंसा की है।

- महिला का दैहिक शोषण कर उसकी नाबालिग बेटी को परेशान करने का आरोप

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू एवं सदस्यों ने रायपुर जिले के प्रकरणों की जनसुनवाई की। इसमें एक पूर्व प्रकरण में एक महिला ने पुलिस विभाग में वीआईपी ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मी के खिलाफ शिकायत की थी। इस शिकायत पर आयोग ने सुनवाई की थी। इस दौरान पुलिस कर्मी ने आयोग के समक्ष अपनी गलती स्वीकार करते हुए आवेदिका से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखने की बात कही थी। इसके बाद कुछ हफ्तों तक आवेदक शांत रहा, लेकिन इसके बाद उसने दोबारा आवेदिका को परेशान करना शुरू कर दिया है। आवेदिका ने दोबारा उसके खिलाफ शिकायत की है कि उसने अपनी वर्दी की धौंस दिखाकर उसका दैहिक शोषण कर उसका चरित्र हनन किया है, तथा अपनी बात मनवाने के लिए वह उसकी नाबालिग बेटी का पीछा करके उसे परेशान करता है। महिला का पक्ष सुनने के बाद आयोग ने इस मामले में पुलिस विभाग को पत्र लिखा है, जिसमें पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



तूफान-बारिश के कारण कई किसानों की धान की फसले जमीन पर लेटी

चक्रवाती तूफान का फसलों पर असर धान से ज्यादा सब्जियों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चक्रवाती तूफान अर्नब की तेज हवा एवं बारिश का असर फसलों पर भी पड़ा है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार तेज हवा के साथ लगातार बारिश होने से टमाटर, बैगन, भिंडी, पत्तागोभी, फूल गोभी, बरबट्टी सहित हरी सब्जियों को बहुत नुकसान पहुंचने की संभावना है। सब्जियों के अलावा धान की फसलों पर भी इसका असर पड़ेगा। कई खेतों में धान की फसलें पकने के कगार पर थीं, जिनकी कटाई की तैयारियों में किसान जुटे हुए थे। संभवतः आगामी सप्ताहभर के भीतर कटाई भी शुरू हो जाती है, लेकिन तेज हवा के साथ बेमौसम बारिश के कारण कई फसलें जमीन पर लेट गई हैं। इससे फसलों को नुकसान पहुंचने की संभावना है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि मौसम खुलने के बाद कम से कम 4 से 5 दिनों के बाद ही फसलों की कटाई का काम शुरू करें, नहीं तो फसलों को नुकसान ज्यादा पहुंचेगा।



बारिश होने के कारण किसानों की मेहनत बढ़ी

रायपुर जिले में चक्रवाती तूफान का सब्जियों के साथ धान की फसलों पर भी खासा असर पड़ा है। टमाटर का उत्पादन करने वाले माठागांव निवासी किसान मुकेश सोनकर ने बताया कि बेमौसम बारिश धीमी गति से हुई है, इसलिए इसका असर सब्जियों पर कम पड़ा है। हालांकि टमाटर, बैगन, पत्ता गोभी तथा साग-भाजी पर इसका अधिक असर देखा जाता है। उन्होंने बताया कि मौसम खुलेगा। उन्होंने बताया कि अगर एक-दो दिन में मौसम नहीं खुला तो सब्जियों को नुकसान पहुंचने की ज्यादा संभावना है।

सब्जी-फलों की पकी फसलों की तुरंत तोड़ाई-कटाई कर बिक्री करें

कृषि वैज्ञानिक के अनुसार सब्जी एवं फलों की फसले अगर पक चुकी है, तो उसकी तोड़ाई और कटाई में किसान देरी नहीं करे। इन फसलों की तत्काल तोड़ाई-कटाई कर मंडी या बाजार में बिक्री करने की सलाह किसानों को दी है। इससे किसानों को नुकसान कम होगा। कृषि वैज्ञानिक ने कहा कि बागवानी फसलों में उर्वरकों का प्रयोग मौसम खुलने के बाद करना चाहिए। इससे फसलों को नुकसान नहीं होगा।

पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद अब तक महिला सहित आठ बदमाश हुए तड़ीपार

तीन आदतन बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की शांति में खलल डालने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा पुलिस उपायुक्त उत्तर एवं पश्चिम क्षेत्र के प्रतिवेदन पर तीन बदमाशों के आपराधिक इतिहास, प्रकरणों में उपलब्ध साक्ष्य एवं गवाहों के कथनों का परीक्षण करने के बाद उन बदमाशों को रायपुर सहित समीपवर्ती राजस्व जिला गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार, दुर्ग जिला के सीमाओं से बाहर रहने का आदेश जारी किया गया है।

खास खबर

पुलिस कमिश्नर के आदेश पर इस माह मोनिका सचदेव सहित चार बदमाशों को जिलाबदर किया गया है। अभी जिन्हें जिलाबदर किया गया है, उनमें पंडरी थाना क्षेत्र के गोकुल नंदन साहू, डीडीनगर थाना क्षेत्र के सन्नी ध्रुव तथा खम्हारडीह थाना क्षेत्र के रफीक खान उर्फ भुरू का नाम शामिल है। जिन्हें जिलाबदर किया गया है, उनके आपराधिक रिकार्ड इस प्रकार हैं।

गोकुल नंदन - वर्ष 2020 से आपराधिक गतिविधियों में शामिल होकर अपराध को



अंजाम दे रहा है। आरोपी पंडरी का गुण्डा बदमाश है। जो अपने थाना क्षेत्र में हत्या, हत्या का प्रयास, बलवा, लोक स्थान पर अश्लील गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देना, मारपीट, खतरनाक आयुध से चोट पहुंचाने जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध कुल 09 आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

सन्नी ध्रुव - वर्ष 2017 से आपराधिक गतिविधियों में शामिल होकर अपराध को अंजाम दे रहा



है। आरोपी असामाजिक एवं आदतन आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जो अपने थाना क्षेत्र में लोक स्थान पर गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देना, धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने संबंधी अपराध, सम्पत्ति उद्यापित करने के लिए उपहति कारित करना, रिश्वत संबंधी अपराध एवं आर्म्स एक्ट जैसे अपराधों में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ कुल 09 आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

रफीक खान उर्फ भुरू - वर्ष 2021 से आपराधिक गतिविधियों में शामिल होकर अपराध को अंजाम



दे रहा है। आरोपी अपने थाना क्षेत्र में लोक स्थान पर अश्लील गाली गलौज करना, जान से मारने की धमकी देना, आपराधिक अभित्रास, खतरनाक आयुध से चोट पहुंचाना, रात्रि में ताला तोड़कर प्रवेश कर चोरी करने संबंधी अपराध, अवैध हथियार लेकर आम जनता को डराना धमकाना, अवैध शराब बिक्री, परिवहन जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ कुल 11 आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

इसके पूर्व इन बदमाशों को किया गया है जिलाबदर

- **अविनाश कोसले:** मई 2026 में कमिश्नरेट लागू होने के बाद जिलाबदर होने वाला पहला आदतन बदमाश था।
- **मोहम्मद गनी:** जुलाई 2026 में आपराधिक गतिविधियों के चलते 3 महीने के लिए 6 जिलों से निष्कासित किया गया।
- **विकास उर्फ भीम उर्फ रावण मधुकर:** सितंबर 2026 में सुरक्षा अधिनियम के तहत जिलाबदर की कार्रवाई हुई।
- **ओम दुबे उर्फ प्रथम दुबे:** विकास मधुकर के साथ ही सितंबर 2026 में इसे भी राजस्व सीमाओं से बाहर रहने का आदेश दिया गया।
- **मोनिका सचदेव:** अक्टूबर 2026 की शुरुआत में इस कुख्यात महिला हिस्ट्रीशीटर पर 17 गंभीर मामले दर्ज होने के बाद 2 महीने के लिए 6 जिलों से बाहर कर दिया गया।



हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

सिटी इवेंट

इसरो में 61 पदों पर भर्ती, 13 नवंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन



रायपुर। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अंतर्गत यूआर रॉकेट सेंटर में टेक्निशियन और ड्राइवर के पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के माध्यम से कुल 61 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे ऐसे युवा, जो निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा पूरी करते हैं, वे 13 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। भर्ती के तहत टेक्निशियन-बी के 46 पद निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा हल्के वाहन चालक के 5 और भारी वाहन चालक के 10 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इस तरह कुल 61 रिक्त पदों को भरा जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले संबंधित पद की पात्रता और भर्ती संबंधी शर्तों की जांच करने की सलाह दी जाती है।

19,900 से 21,700 रुपए तक वेतन

इस भर्ती में चयनित उम्मीदवारों को पद के अनुसार वेतन के साथ अन्य भत्ते भी दिए जाएंगे। टेक्निशियन पद के लिए शुरुआती वेतन 21,700 रुपए प्रतिमाह बताया गया है, जबकि ड्राइवर पदों के लिए 19,900 रुपए प्रतिमाह वेतन निर्धारित है। इसके अतिरिक्त नियमानुसार अन्य भत्ते भी मिलेंगे। टेक्निशियन-बी पदों पर आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का मैट्रिक, 10वीं, एसएससी या एसएसएलसी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके साथ संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र होना चाहिए। वहीं, हल्के और भारी वाहन चालक के पदों के लिए उम्मीदवार का 10वीं पास होना और निर्धारित श्रेणी का वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है। ड्राइवर पदों के लिए लाइसेंस और अनुभव से जुड़ी अतिरिक्त शर्तें आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार जांचनी चाहिए।

18 से 35 वर्ष तक के उम्मीदवार कर सकेंगे आवेदन : आयु सीमा की गणना 13 नवंबर 2026 को आधार मानकर की जाएगी। दिए गए भर्ती विवरण के अनुसार, उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित है। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों को अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते ऑनलाइन आवेदन पूरा करने की सलाह दी जाती है। आवेदन करने से पहले शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी शर्तें, आवेदन शुल्क और चयन प्रक्रिया की जानकारी आधिकारिक भर्ती अधिसूचना से जरूर जांच लें।

सिटी इवेंट

रचनात्मक अभिव्यक्ति से स्टूडेंट्स गढ़ेंगे कल्पनाओं की दुनिया



रायपुर। एनआईटी में साहित्यिक उत्सव 'लिटफेस्ट 2.0' का भव्य आगाज हुआ। संस्थान के लिटराटी समिति द्वारा आयोजन किया गया है। इस उत्सव के दौरान आकर्षक कार्यक्रमों के माध्यम से शब्दों, विचारों, कल्पना और रचनात्मक अभिव्यक्ति बयां की जाएगी।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव शामिल हुए। डॉ. राव ने लिटराटी समिति की पहलों की सराहना की और कहा कि छात्रों को केवल कुछ सीमित पुस्तकों तक ही खुद को सीमित नहीं रखना चाहिए। उन्होंने सामूहिक पठन और पुस्तक चर्चा समूहों जैसी पहलों की सराहना करते हुए कहा कि ये छात्रों के जीवन में वास्तव में परिवर्तनकारी साबित हो सकती हैं। उन्होंने भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पढ़ने की आदत से रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच का विकास होता है। वहीं करियर डेवलपमेंट सेंटर के प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी और डीन छात्र कल्याण ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी पढ़ने की आदतों को दिया और छात्रों के बीच क्षमता निर्माण पर जोर दिया।

उन्होंने विदेशी भाषा सीखने और विविध संस्कृतियों व परंपराओं पर संवादात्मक कार्यशालाओं का समर्थन किया, जिससे छात्र विभिन्न प्रकार के साहित्य को समझ सकें और आयोजनों की नियमित दिनचर्या से आगे बढ़कर सार्थक कौशल विकास कर सकें। साहित्य समिति के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. संजय कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि साहित्य में जीवन के कई सवालों के जवाब छिपे हैं। उन्होंने कहा कि अध्ययन हमें प्रबुद्ध करता है और यह अहसास दिलाता है कि हमारा ज्ञान अभी कितना सीमित है। छात्रों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करते हुए, उन्होंने 'महाभारत' जैसी अपनी स्वयं की साहित्यिक विरासत को समझने का आग्रह किया।

उत्सव में होंगे यह रचनात्मक क्विज

इस कार्यक्रम के दौरान जिसमें 'द लिटरेरी क्विज़', 'रीडर्स रेंडीवू' 'एंडलेस चैप्टर्स बुक फेयर' स्टोरीफोर्ज', 'ट्यूब ट्रोल्स 6.0' 'पोएट्री स्लैम' 'मॉडल यूनाइटेड नेशंस' 'लिटरेरी मैराथन' और 'एबिसल ट्रिब्यूनल' जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डॉ. बाबू ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि लिटफेस्ट 2.0 युवा प्रतिभाओं में नई ऊर्जा का संचार करने के लिए संस्कृति, सत्यनिष्ठा और विरासत के बीच एक सेतु का काम करता है। उन्होंने इसे उच्च दक्षता के साथ एकीकृत शिक्षा का एक बेहतरीन मंच बताया और प्रतिभागियों से आग्रह किया कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल जीतना नहीं, बल्कि पूरे उत्साह के साथ अपनी सक्रिय भागीदारी और सीखने पर केंद्रित होना चाहिए।

महिलाओं ने किया करवा चौथ का व्रत नियम, समूह में मनाया पूजा उत्सव

करवा चौथ पर सोलह श्रृंगार चंद्र दर्शन कर मांगा अखंड सौभाग्य



करवा चौथ को उत्सव की तरह मनाने का चलन बढ़ा है। इसके लिए अलग-अलग क्षेत्र में महिला समूहों द्वारा सेलिब्रेट करने के लिए पुख्ता तैयारी की गई थी। इस उत्सव को यादगार बनाने के लिए मंदिर परिसर ही नहीं सामाजिक भवनों और वार्डों में भी आयोजन की श्रृंखला सजाई गई। इसमें सोलह श्रृंगार करके पारंपरिक गीत गाते हुए सुहागिनों ने करवा चौथ की परंपरा को निभाते हुए एक समूह में पूजा करने के लिए उत्सव का रूप दिया। थाली घुमाने की रस्म निभाने के बाद छलनी से चांद को देखते हुए अखंड सौभाग्य के लिए कामना की। कई महिला समूहों ने पूजा उत्सव के बीच गेम्स का भी आयोजन किया।





सेल्फी ने समारोह को और भी यादगार बना दिया

सभा के मीडिया प्रभारी रोहित अरोड़ा के मार्गदर्शन में सास-बहू, भाभी-दीदी और सखियों के आत्मीय संबोधनों के बीच पारिवारिक रिश्तों की मिठास देखने को मिली। हाउजी-तंबोला, मनोरंजक खेलों और सेल्फी के दौर ने समारोह को और भी यादगार बना दिया। अर्ली बर्ड, बेस्ट ड्रेस, करवा चौथ क्वीन, लकी ड्रॉ और बेस्ट मेहंदी जैसी श्रेणियों में आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए। सेलिब्रेशन का संचालन विभूति अरोड़ा एवं नीलम विग ने शानदार अंदाज में किया। दोनों एंकरों ने प्रभावशाली प्रस्तुति और रोचक संवादों से उपस्थित महिलाओं को कार्यक्रम से जोड़े रखा। मीनू, पूजा, तृषा, श्वेता साहनी, अर्चना डॉगर और स्मिता पृथी सहित आयोजन से जुड़ी महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही।

चांद का दीदार करके पर्व को भी एंजॉय किया

श्री श्याम सत्संग महिला मंडल ने करवा चौथ सेलिब्रेशन श्री खाटू श्याम मंदिर हाल में किया। इसमें सभी महिलाएं लाल रंग के परिधान में सोलह श्रृंगार करके शामिल हुई। नई बहुओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें करवा चौथ की थाली सजाकर लाना था। इसमें प्रथम प्रियंका बंक, द्वितीय निधि सरावागी रही। सभी महिलाओं को सोलह श्रृंगार करके आना था। इसमें प्रथम स्थान पर पूनम खरे रही। सभी ने हौजी खेल के साथ कई गेम खेलते हुए और चांद का दीदार करके करवा चौथ पर्व को एंजॉय किया। संगीता सरावागी के मार्गदर्शन मे करवा चौथ मनाया गया। सभी महिलाये लाल रंग के परिधान में सोलह श्रृंगार करके पूजा में शामिल हुई।



हर्षोल्लास के साथ महिलाओं ने मनाया पर्व



सांस्कृतिक विवेकानंद उत्कर्ष परिषद ने करवा चौथ का पर्व धूम-धाम के साथ मनाया। इसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-संवरकर कई रोचक खेलों में भाग लिया। सामूहिक भजन-कीर्तन करते हुए पर्व की पावन भावना को जीवंत किया। इसमें दीप्ति दुबे, निमों, अल्पना, प्रीती, मिथ्लेश, रजनी, नीलिमा, ममता सहित संस्था की सदस्यों ने कहा कि परंपराएं हमें जोड़कर रखती हैं। यह रीति-रिवाज केवल धार्मिक या सांस्कृतिक प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और आपसी संबंधों के मजबूत स्तंभ हैं।

महिलाओं के लिए निःशुल्क मेहंदी का आयोजन

जोन दो के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद बंटी होरा के अनूठे प्रयास से वार्ड की महिलाओं में भारी उत्साह दिखा। पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य के पर्व करवा चौथ के उपलक्ष्य में शहीद हेमू कालाणी वार्ड की महिलाओं के लिए एक विशेष और सराहनीय पहल की गई। वार्ड के शिव मंदिर गार्डन में महिलाओं के लिए निःशुल्क मेहंदी लगाने की व्यवस्था का भव्य आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व वार्ड के पूर्व पार्षद एवं जोन क्रमांक 2 के पूर्व अध्यक्ष बंटी होरा के द्वारा पांचवे वर्ष भी किया। महिलाओं ने इस सुंदर आयोजन के लिए पूर्व पार्षद के प्रति अपनी गहरी सराहना व्यक्त की।



रायपुर। छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा की पहल और महिला मंडल एवं महिला मंडल (यूथ) के सयुक्त तत्वधान में गुरुवार को पंजाब केसरी भवन जोरा में करवा चौथ का भव्य आयोजन किया गया। इसमें 300 से अधिक सुहागिन महिलाओं ने एक साथ करवा माता की पूजा-अर्चना करते हुए पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। पंजाबी सनातन सभा के अध्यक्ष सतिंदर कोहली, महासचिव राजीव विग, कोषाध्यक्ष विकास मोदी, उपाध्यक्ष विकास विग, सांस्कृतिक सचिव अश्विनी विग ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पुख्ता इंतजाम किया। जहां पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ महिलाओं ने करवा चौथ की कथा सुनने के साथ एक-दूसरे के साथ थाली घुमाकर सदियों पुरानी परंपरा का निर्वहन किया। ढोल की थाप, पारंपरिक गीतों और महिलाओं के उत्साह से पंजाब केसरी भवन का माहौल भक्तिमय और उल्लास से सराबोर रहा।

35 साल से पति-पत्नी दोनों रख रहे निर्जला करवा चौथ का व्रत, तिवारी दंपति ने पेश की मिसाल

बैरन बाजार निवासी रवि तिवारी और उनकी पत्नी डॉ. ज्योति रवि तिवारी ने इस वर्ष भी करवा चौथ का निर्जला व्रत रखकर एक-दूसरे के प्रति प्रेम, विश्वास और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश की। दोनों पिछले 34 वर्षों से लगातार साथ में निर्जला करवा चौथ का उपवास रखते आ रहे हैं। इस वर्ष उनका 35वां करवा चौथ है। चंद्र दर्शन और विधिवत पूजा-अर्चना के बाद दोनों ने एक-दूसरे को पानी पिलाकर अपना व्रत खोला। रवि तिवारी श्री सीमेंट में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि उनकी पत्नी डॉ. ज्योति रवि तिवारी शासकीय महाविद्यालय में प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुई हैं। दंपती ने बताया कि दोनों ने करीब 35 साल पहले साथ में निर्जला व्रत रखने की परंपरा शुरू की थी। उस समय पति का पत्नी के साथ करवा चौथ का व्रत रखना समाज में एक अनूठी पहल मानी जाती थी। आज भी दोनों उसी श्रद्धा और विश्वास के साथ इस परंपरा को निभा रहे हैं।



अमेरिका में रहने वाली बेटी-दामाद भी निभा रहे

इस वर्ष करवा चौथ उनके परिवार के लिए और भी खास रहा। अमेरिका में रहने वाली उनकी बेटी वर्णिका और दामाद गौरव गुप्ता शादी के बाद पहली बार इस अवसर पर परिवार के साथ मौजूद रहे। वर्णिका और गौरव भी विवाह के बाद से अमेरिका में रहते हुए लगातार निर्जला करवा चौथ का व्रत रखते आ रहे हैं। पहली बार देश में करवा चौथ बनाया। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कार और पारिवारिक मूल्य देश से दूर रहकर भी पूरी श्रद्धा के साथ निभाए जा सकते हैं। पति-पत्नी का साथ में व्रत रखना आपसी प्रेम, सम्मान और जीवनभर एक-दूसरे का साथ निभाने के संकल्प का प्रतीक बन गया है।

दीपावली की तैयारी...पेंटरों और रंग-रोगन से जुड़े कारोबारियों के काम में बढ़ी व्यस्तता

कार्नर न्यूज

त्योहार के स्वागत में जुटे लोग, आशियाने की दीवारों को दे रहे नया लुक, दीवारों में कराया जा रहा कलर

दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही शहर में उत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। घरों से लेकर दुकानों, कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तक साफ-सफाई के साथ रंग-रोगन का काम शुरू हो गया है। कोई अपने आशियाने की दीवारों को नया रंग दे रहा है, तो कोई अपनी दुकान और प्रतिष्ठान को आकर्षक रूप देने में जुटा है। रंगों की खुशबू और त्योहार की रौनक के बीच शहर की गलियों और बाजारों में दीपावली का उत्साह धीरे-धीरे नजर आने लगा है।



रायपुर। भारतीय परंपरा में दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि घर-आंगन को संवारने, पुरानी चीजों को व्यवस्थित करने और नई शुरुआत का प्रतीक भी है। यही वजह है कि दीपावली से पहले लोग अपने घरों की सफाई, दीवारों की मरम्मत और रंगाई-पुताई को प्राथमिकता देते हैं। मान्यता है कि साफ-सुथरे और सजे-धजे घर में मां लक्ष्मी का स्वागत शुभ होता है। दीपावली की तैयारियों के बीच लोग अपने घरों को नया लुक देने के लिए अलग-अलग रंगों का चुनाव कर रहे हैं। कहीं हल्के और सुकून देने वाले रंग पसंद किए जा रहे हैं, तो कहीं आकर्षक रंगों के मेल से घर की खूबसूरती बढ़ाई जा रही है। ड्राइंग रूम, बेडरूम, बरामदे और प्रवेश द्वार को विशेष रूप से सजाने पर ध्यान दिया जा रहा है। कई परिवार केवल रंग-रोगन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि घर के पुराने सामान की मरम्मत, पर्दों में बदलाव और सजावटी वस्तुओं की खरीदारी की तैयारी भी कर रहे हैं। लोगों की कोशिश है कि दीपावली के दिन घर का हर कोना साफ, सुंदर और रोशनी से जगमगाता नजर आए।

पेंटरों के हाथों को मिला काम

दीपावली से पहले रंग-रोगन का काम बढ़ने से पेंटरों और इससे जुड़े कामगारों की व्यस्तता भी बढ़ जाती है। घरों और दुकानों में रंगाई-पुताई के लिए लोग पहले से संपर्क करने लगे हैं, ताकि त्योहार से पहले काम पूरा हो सके।

परंपरा के साथ नई सजावट का संगम

समय के साथ दीपावली की सजावट के तरीकों में बदलाव आया है। पहले जहां घरों की सामान्य सफेदी और पारंपरिक रंगाई पर जोर रहता था, वहीं अब लोग टेक्सचर पेंट, आकर्षक रंग संयोजन और आधुनिक डिजाइन भी पसंद कर रहे हैं। इसके बावजूद त्योहार से पहले घर की सफाई और रंग-रोगन कराने की परंपरा आज भी बरकरार है। दीपावली का असली संदेश भी यही है कि घरों के साथ मन में भी नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हो। घर की दीवारों पर चढ़ते नए रंग, आंगन में बनने वाली रंगोली और दरवाजों पर सजने वाले तोरण त्योहार की खुशियों को और खास बना देते हैं।

वाल पेपर की भी है डिमांड : लोग त्यौहारों पर लोग घरों को सजाने अपने-अपने बजट के अनुसार घरों में रंगाई-पोताई करते है। जिसके लिए पहले से ही सभी रेंज के स्टॉक सभी दुकानों में उपलब्ध है। आजकर लोग वॉलपेपर और पीवीसी के लिए भी डिमांड कर रहे है। आजकल सभी रेंज में वॉलपेपर भी आ रहे है जो कि सामान्य फैमिली भी ले रहा है।

समाज लाइव

सरदार पटेल की जयंती पर 31 को जुटेगा कुर्मी क्षत्रिय समाज



रायपुर। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को केंद्रीय कार्यालय नरदहा में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में समाज की एकता, संगठन, शैक्षणिक विकास एवं सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। केंद्रीय कार्यालय में गुरुवार को अध्यक्ष ने समीक्षा बैठक ली। केन्द्रीय महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा ने बताया कि जयंती के अंतर्गत नवनिर्मित सभाकक्ष का लोकार्पण किया जाएगा। प्रस्तावित भवन का भूमिपूजन तथा डॉ. खूबचंद बघेल शिक्षण समिति के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर समाज द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के विद्यार्थियों की प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताए आयोजित की गई है।

सीएम साय सहित कैबिनेट मंत्री भी होंगे शामिल

प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक अभिरुचि को मंच प्रदान किया जाएगा। यशवंत सिंह वर्मा ने बताया कि समाज ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम विष्णु देव साय, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सांसद विजय बघेल जी, सांसद सहित राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी! समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं ने सहभागी बनकर आयोजन को सफल बनने के लिए तैयारी की है।

सिटी लाइव

तुलसी शालिग्राम विवाह महोत्सव 20–21 को, पदाधिकारियों को बांटी गई जिम्मेदारी



रायपुर। वन बंधु परिषद महिला समिति रायपुर चैप्टर द्वारा तुलसी शालिग्राम विवाह महोत्सव का आयोजन 20 और 21 नवंबर को राजधानी के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि आचार्य पं. हरीश मिश्रा इस आयोजन में मुख्य रूप से शामिल होंगे।

वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल एवं महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि एकादशी उद्यापन के इस आयोजन में प्रथम दिन फलाहार एवं दूसरे दिन सभी आमजनों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है।


उद्यापन में 100 जोड़े शामिल होंगे

वहीं सचिव सरिता रेखानी ने जानकारी दी कि उद्यापन में 100 जोड़े शामिल होंगे, जो भी व्यक्ति आयोजन में हिस्सा लेना चाहते है वे संपर्क कर विस्तृत रूप से कार्यक्रम की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वही आयोजन को सफल बनाने हेतु त्रिवेणी अग्रवाल, राजश्री गुप्ता, कविता राठी, सविता गुप्ता, गायत्री गोयल, रेखा अग्रवाल, उमा चंदी रामानी, शैल यदु, मनीषा सिंघानिया, मधु मित्तल, फूल नत्थानी, देवी अग्रवाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

सिटी लाइव

स्तन कैंसर की समय पर जांच से मरीज की जान बचाने की संभावना अधिक

रायपुर। स्तन कैंसर को लेकर राजधानी में जागरुकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस क्रम में लोगों को कैंसर के बारे में बताया जा रहा है वहीं, उपचार के तरीकों से अवगत कराया जा रहा है। इसी क्रम में अश्वनी नगर महादेव घाट रोड स्थित शुभ डायग्नोस्टिक सेंटर एक्स क्योरबे को स्तन कैंसर जागरूकता माह के मौके पर गुलाबी रोशनी से सजाया गया। यह रोशनी शहरवासियों को संदेश दे रही है कि बीमारी का जल्दी पता चलने से जान बचाई जा सकती है। इस अभियान के साथ ही शुभ डायग्नोस्टिक सेंटर सोनोमैमोग्राफी पर फ्लैट 15 प्रतिशत छूट भी दे रहा है, ताकि शहर भर की महिलाओं के लिए ब्रेस्ट स्क्रीनिंग आसान और सुलभ हो सके। भारत में महिलाओं में होने वाला सबसे आम कैंसर स्तन कैंसर है, और आज भी इसके कई मामले देर से पकड़ में आते हैं। अगर शुरुआती चरण में ही इसका पता चल जाए, तो इलाज कहीं ज्यादा कारगर होता है और मरीज के ठीक होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। दुनिया भर में अक्टूबर माह को स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है, जिसका प्रतीक गुलाबी रिबन है। इसी थीम पर हॉस्पिटल की भवन को गुलाबी रोशनी से सजाने का उद्देश्य शुभ डायग्नोस्टिक सेंटर एक्स क्योरबे का घरों और दफ्तरों में स्व-परीक्षण, नियमित स्क्रीनिंग और समय पर डॉक्टरी सलाह को लेकर जागरूकता लाना है। सोनोमैमोग्राफी एक सुरक्षित, दर्दरहित और रेडिएशन-मुक्त इमेजिंग जांच है। इसका इस्तेमाल अक्सर गांठ की जांच करने, घने ब्रेस्ट टिश्यू को परखने और मैमोग्राफी के पूरक के तौर पर किया जाता है।



स्तन कैंसर की बिना किसी डर के कराएं जांच

शुभ डायग्नोस्टिक सेंटर एक्स क्योरबे के डीजीएम सेल्स गौर पटनायक ने कहा कि हमारी इमारत पर जगमगाती हर गुलाबी रोशनी उस महिला का प्रतीक है, जो समय पर जांच और शुरुआती निदान की हकदार है। डर और झिझक की वजह से अक्सर महिलाएं जांच कराने से कतराती हैं। इस अभियान और सोनोमैमोग्राफी ऑफर के जरिए हम चाहते हैं कि शहरवासी के हर परिवार के लिए स्क्रीनिंग आसान, किफायती और बिना किसी झिझक के करा सकें।

● लोकभवन में 1122 स्काउट्स-गाइड्स को राज्यपाल ने प्रदान किए राज्य पुरस्कार

पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आएं स्काउट्स-गाइड्स जल-जंगल बचाने में निभाएं अहम भूमिका : राज्यपाल

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। जल और जंगल को बचाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। स्काउट्स एवं गाइड्स पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन और वनों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी साबित हो रही हैं।

रायपुर। राज्यपाल श्री डेका गुरुवार को लोकभवन स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य पुरस्कार अलंकरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशभर से चयनित 1122 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स और रेंजर्स को राज्य पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष गजेंद्र यादव ने की।

अपने आचरण से दूसरों के लिए प्रेरणा बनें





प्रतिभागी समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान दें

राज्यपाल ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स का आदर्श वाक्य 'तैयार रहो' हमें विषम परिस्थितियों का सामना करने और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार प्राप्त करना गर्व की बात है, लेकिन इसके साथ जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। सभी प्रतिभागी समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान दें और अपने आचरण से दूसरों के लिए प्रेरणा बनें।

जीवनभर सेवा की प्रेरणा देती है स्काउटिंग : यादव

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के नियम और प्रतिज्ञाएं इसके सदस्यों को विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं। स्काउटिंग की वर्दी अनुशासन, सेवा और समर्पण के मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग से जुड़ा व्यक्ति जीवनभर सेवा के भाव के साथ कार्य करता है। राज्यपाल के हाथों प्राप्त सम्मान प्रतिभागियों के लिए अविस्मरणीय उपलब्धि है और उन्हें आगे भी समाजसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने प्रदेश के अधिक से अधिक स्काउट्स एवं गाइड्स को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

1122 प्रतिभागियों को राज्य पुरस्कार

समारोह में प्रदेशभर से चयनित 405 स्काउट्स, 528 गाइड्स, 64 रोवर्स और 125 रेंजर्स को राज्यपाल श्री डेका ने राज्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्काउटिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ स्काउटर योगेश्वर प्रसाद गांगुली (बालोद), सर्वश्रेष्ठ गाइडर तनुजा बंजारे एवं लता वैष्णव (महासमुंद), सर्वश्रेष्ठ रोवर राजमणि बंजारे एवं चंद्रशेखर पंकज, सर्वश्रेष्ठ रेंजर कु. विभूति वर्मा एवं कु. कृति बिजौर, सर्वश्रेष्ठ स्काउट ईश साहू, हरीश कुमार खोटे एवं राजवीर भट्ट तथा सर्वश्रेष्ठ गाइड दिव्या पटेल एवं दीप्ति पटेल को सम्मानित किया गया। स्काउटिंग के क्षेत्र में दीर्घकालीन सेवाओं के लिए शैलेंद्र मिश्रा, आनंद राम बघेल, पवन कुमार नायक, विनोद कुमार हथेल, शशि बंछोर और रजनी रेड्डी को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान पीपिंग सेरेमनी भी आयोजित की गई। इसमें लोकभवन में पदस्थ एडीसी श्री उदित पुष्कर (आईपीएस) को रैंक बैज लगाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में ये हुए शामिल

कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव अमित कुमार क्षत्रिय, कार्यक्रम प्रभारी शैलेंद्र मिश्रा, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त डॉ. पूनम सिंह साहू, राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) जलवती साहू, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सरिता पांडे सहित संगठन के पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

एआई क्रांति के दौर में साइबर सुरक्षा की बढ़ती चुनौतियों से निपटने ट्रिपल आईटी में बड़ा नवाचार

नवा रायपुर ट्रिपल आईटी में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फॉरेंसिक्स माइनर प्रोग्राम और अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा प्रयोगशाला तैयार किया गया है। आज इस साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फॉरेंसिक्स माइनर प्रोग्राम और अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा प्रयोगशाला का शुभारंभ किया जाएगा। यह एआई क्रांति के दौर में साइबर सुरक्षा की बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए ट्रिपल आईटी की बड़ा नवाचार में से एक होगा। इस प्रयोगशाला का शुभारंभ कार्यशाला में अंतर्राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ प्रो. संदीप के शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम में इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ मेसिना के प्रो. पास्क्वाले डी मेओ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। ट्रिपल आईटी संस्थान के प्रोफेसर्स ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अभूतपूर्व प्रगति ने जहां तकनीकी नवाचार, उद्योग, शिक्षा और प्रशासन में नई संभावनाएं उत्पन्न की हैं।



रायपुर। एआई आधारित साइबर हमलों, डीपफेक, डिजिटल फ्रॉड, डेटा थेफ्ट तथा महत्वपूर्ण डिजिटल अधोसंरचनाओं की सुरक्षा जैसी चुनौतियां भी तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में साइबर सुरक्षा केवल सूचना प्रौद्योगिकी का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और तकनीकी आत्मनिर्भरता की अनिवार्य आवश्यकता बन गई है। इन्हीं उभरती चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए ट्रिपल आईटी में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फॉरेंसिक्स बीटेक माइनर प्रोग्राम तथा अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा प्रयोगशाला का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा।

90 बीटेक विद्यार्थी सीखेंगे एआई आधारित साइबर सुरक्षा के तकनीक

इस नई शैक्षणिक पहल की विशेषता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा का परस्पर एकीकरण है। जहां एआई की सहायता से साइबर हमलों की पहचान, असामान्य गतिविधियों का विश्लेषण और डिजिटल खतरों का पूर्वानुमान अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है, वहीं स्वयं एआई आधारित प्रणालियों को डेटा में हेरफेर, मॉडल पर हमलों और अन्य उभरते सुरक्षा खतरों से सुरक्षित रखना भी अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्रारंभ किए गए इस माइनर प्रोग्राम में संस्थान के 90 बीटेक विद्यार्थी ने प्रवेश लिया है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक्स, एआई आधारित खतरा पहचान, सुरक्षित डिजिटल प्रणालियों तथा साइबर-फिजिकल सिस्टम्स की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विशेषज्ञता विकसित करने के अवसर मिलेंगे। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पारंपरिक साइबर सुरक्षा तकनीकों तक सीमित न रखते हुए एआई के युग में अगली पीढ़ी की साइबर सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना है।

विशेषज्ञ देंगे एआई और साइबर सुरक्षा के भविष्य की दिशा

इस अभिनव साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फॉरेंसिक्स माइनर प्रोग्राम की परिकल्पना एवं रूपरेखा संस्थान के कुलपति एवं निदेशक प्रो. ओपी व्यास ने ट्रिपल आईटी के संकाय सहयोगियों के साथ मिलकर तैयार की है। कार्यक्रम में ट्रिपल आईटी हैदराबाद के निदेशक एवं साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ प्रो. संदीप के. शुक्ला तथा इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ मेसिना के प्रो. पास्क्वाले डी मेओ विशेष व्याख्यान देंगे। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को आधुनिक साइबर सुरक्षा तकनीकों, साइबर हमलों की पहचान एवं रोकथाम, डिजिटल फॉरेंसिक्स तथा इंटेलिजेंट साइबर-फिजिकल सिस्टम्स की सुरक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में आईआईआईटी इलाहाबाद के प्रो एस वेंकटेशन सहित विभिन्न विशेषज्ञ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

पर्यावरण संरक्षण में योगदान के लिए मोहन वर्ल्यानी को मिला 'पारस गौरव सम्मान'

रायपुर। पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पर्यावरणविद् मोहन वर्ल्यानी को 'पारस गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ की ओर से शहीद स्मारक भवन, रायपुर में आयोजित 'पारस संगम 2026–एक्सीलेंस अवॉर्ड' समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

वर्ल्यानी लंबे समय से वृक्षारोपण, जल संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के साथ लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। बैक टू नेचर सोसाइटी (प्रकृति की ओर सोसायटी) के अध्यक्ष और एम.जी. रोड, रायपुर स्थित स्मार्ट कॉरपोरेशन के डायरेक्टर मोहन वर्ल्यानी व्यवसाय के साथ प्रकृति सेवा में भी सक्रिय हैं। वे वृक्षारोपण, किचन गार्डन, जल संरक्षण तथा राज्य स्तरीय फल-फूल और राष्ट्रीय आम प्रदर्शनियों के माध्यम से किसानों और आम नागरिकों को



प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। समारोह में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी, बाल आयोग की अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त डॉ. वर्णिका शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग के अध्यक्ष एवं खाद्य विभाग के अधिकारी, राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त शिव पात्रे तथा चम्पा देवी इंदिरा देवी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट से कमलेश जैन उपस्थित रहे।

एडवोकेट सुगंधा ने यौन उत्पीड़न पर दिया मैंडेट ट्रेनिंग



रायपुर। राजधानी की सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट सुगंधा जैन ने देहरादून स्थित भारतीय वन्यजीव संस्थान में पॉश पर मैंडेट ट्रेनिंग दी। यह दो दिवसीय मैंडेट ट्रेनिंग का आयोजन भारतीय वन्यजीव संस्थान के एम्प्लॉईज के लिए किया गया। इस सत्र की सबसे खास बात इसका इंटरैक्टिव होना रहा। यह अब तक का सबसे ज्यादा इंटरैक्टिव सेशन बताया जा रहा है, जहां भारतीय वन्यजीव संस्थान के एम्प्लॉईज खुलकर अपनी बात रख पाए, अपने सवाल पूछ पाए और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सके। एडवोकेट सुगंधा जैन ने पॉश एक्ट 2013 कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की परिभाषा, इंटरनल कमेटी के गठन और उसकी कार्यप्रणाली, शिकायत करने की प्रक्रिया और शिकायतकर्ता के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस सेशन के माध्यम से आयोजन में उपस्थित लोगों को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न प्रति आवाज उठाने प्रेरित किया।

कार्नर न्यूज

जेएन पांडेय शासकीय स्कूल में वायुसेना के अधिकारियों से रूबरू हुए विद्यार्थी

सारंग टीम ने विद्यार्थियों को बताया- वायुसेना में कैसे बनें पायलट, समझाए करियर के अवसर और पात्रता के नियम

भारतीय वायु सेना की सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने विद्यार्थियों को देश की सेवा करने और भारतीय वायु सेना में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। गुरुवार को के.जे.एन. पांडेय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को वायु सेना के अधिकारियों से सीधे बातचीत करने, सैन्य विमानन को समझने और भारतीय वायु सेना में उपलब्ध करियर के विभिन्न अवसरों की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।

रायपुर। यह कार्यक्रम राज्योत्सव समारोहों में भाग लेने के लिए सारंग टीम के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर सतीश नायर के समन्वय से किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना की कार्यप्रणाली, सैन्य सेवाओं में करियर की संभावनाओं और राष्ट्रसेवा के महत्व से परिचित कराना था। संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने वायु सेना में शामिल होने की प्रक्रिया, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और पात्रता मानदंडों से संबंधित सवाल पूछे। टीम के सदस्यों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें करियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी दी।



युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना को बढ़ावा

कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को राष्ट्र की सुरक्षा में भारतीय वायु सेना की भूमिका के प्रति जागरूक करने के साथ सशस्त्र बलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस तरह की पहल विद्यार्थियों को अपने भविष्य के बारे में सोचने, लक्ष्य निर्धारित करने और देश के लिए योगदान देने की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम की यह पहल भारतीय वायु सेना और युवा पीढ़ी के बीच जुड़ाव मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही। विद्यार्थियों के साथ सीधे संवाद के माध्यम से टीम ने उन्हें सैन्य सेवाओं में उपलब्ध संभावनाओं से परिचित कराया और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

अनुशासन और टीम भावना का बताया महत्व

संवाद के दौरान सारंग टीम के पायलटों ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वायु सेना में कार्य करने के लिए अनुशासन, टीम भावना, दृढ़ संकल्प और जिम्मेदारी के प्रति समर्पण महत्वपूर्ण हैं। विद्यार्थियों को समझाया गया कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता जरूरी है। टीम के सदस्यों ने विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने और उपलब्ध अवसरों की जानकारी जुटाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस संवाद से विद्यार्थियों को सैन्य विमानन के क्षेत्र को करीब से समझने और भारतीय वायु सेना में भविष्य बनाने की संभावनाओं के बारे में जानने का अवसर मिला।

सिटी स्पोर्टस

रायपुर संभाग ने जीता ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब



रायपुर। राजनांदगांव में संपन्न हुई 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (2026-27) में रायपुर संभाग ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर प्रतिष्ठित ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दल प्रबंधक लाल बहादुर सोनकर के कुशल नेतृत्व और रणनीतिक मार्गदर्शन में रायपुर के खिलाड़ियों ने योगा, बैडमिंटन, हॉकी और क्रिकेट में शानदार जीत हासिल की।

योगा स्पर्धा में रायपुर संभाग ने अपना दबदबा कायम रखते हुए ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया और 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक तथा बालिका, सभी 6 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जिसमें से 36 में से 33 खिलाड़ियों ने आगामी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयन हासिल किया। बैडमिंटन के 14 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि 14 वर्ष बालक वर्ग में टीम ने रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही हॉकी स्पर्धा के 17 वर्ष बालक वर्ग में खिलाड़ियों ने कड़ा संघर्ष दिखाते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया, वहीं क्रिकेट स्पर्धा के 19 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर संभाग की टीम ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए अनुशासित और सराहनीय खेल का प्रदर्शन किया।

पाटन कॉलेज के वेटलिफ्टरों ने जीते 5 पदक, शानदार प्रदर्शन



दुर्ग। शासकीय चंदूलाल चंद्राकार स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन के वेटलिफ्टरों ने शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्ली राजहरा में आयोजित अंतर महाविद्यालयीन महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 5 पदक अपने नाम किए। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. दिनेश नामदेव ने बताया कि महिला वर्ग में शिवानी निषाद (69 किग्रा), मौसमी निर्मलकर (49 किग्रा) और तनुजा (53 किग्रा) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए, जबकि रुचि चक्रधारी (57 किग्रा) ने रजत पदक जीता। वहीं पुरुष वर्ग में षष्ठाधीश ने 60 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा मौसमी निर्मलकर और षष्ठाधीश को दोनों वर्गों में सर्वश्रेष्ठ वेटलिफ्टर के खिताब से भी नवाजा गया। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्राचार्य डॉ. पुष्पा मिंज, जनभागीदारी व नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, टीम मैनेजर निधि यादव एवं महाविद्यालय परिवार ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

जिला स्तरीय बैडमिंटन ट्रायल में शामिल हुए युवा खिलाड़ी



रायपुर। छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 एवं अंडर-17 बालक-बालिका प्रतियोगिताओं के लिए रायगढ़ के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जिला स्तरीय ट्रायल का सफल आयोजन किया गया। विभिन्न आयु वर्ग के मुकाबलों में अंडर-11 बालक एकल में विवान भक्त विजेता और धैर्य अनमोल टांक उपविजेता रहे, जबकि बालिका एकल में दिविशा अग्रवाल विजेता और मन्नत अग्रवाल उपविजेता रहीं। अंडर-13 बालक एकल में अर्श अग्रवाल ने विजेता तथा शिवांश साहू ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया, और बालिका एकल में प्रिशा भालेराव विजेता तथा जिनिशा मैत्री उपविजेता रहीं। अंडर-15 बालक एकल में भूपेंद्र सिदार विजेता व पार्थ यादव उपविजेता रहे, तथा बालिका एकल में अदिति सिंह विजेता व व्योमिनी चौधरी उपविजेता रहीं। इसके अतिरिक्त अंडर-17 बालक एकल में हर्षवर्धन सिंह विजेता व आरव मित्तल उपविजेता रहे, जबकि बालिका एकल में आन्या विजयवर्गीय ने विजेता और अदिति सिंह ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा के समापन अवसर पर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अकरम खान, सचिव सौरभ पंडा, श्याम गोयल, हितेश वर्मा और सुश्री जयति चौहान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

रेपिड एवं ब्लिट्ज फीडे रेटेड शतरंज चैम्पियनशिप कल से




भिलाई। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 31 अक्टूबर से दो दिवसीय स्टेट रेपिड एवं ब्लिट्ज फीडे रेटेड शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन भिलाई के सेक्टर 6 स्थित अग्रसेन भवन में किया गया है। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने यह जानकारी दी।

आंध्र प्रदेश में चल रही बीसीसीआई की क्रिकेट चैम्पियनशिप

छत्तीसगढ़ ने आंध्र को 5 विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी मुकाबले में दर्ज की जीत, अनुज और अमनदीप ने खेली शानदार पारी

रायपुर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित रणजी ट्रॉफी 2026-27 के तहत छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के बीच डीवीआर स्टेडियम, मुलापाडु (आंध्र प्रदेश) में खेला गया तीसरा मुकाबला रोमांचक मोड़ पर समाप्त हुआ। चौथे और अंतिम दिन छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आंध्र प्रदेश को 5 विकेट से हरा दिया।





मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आंध्र प्रदेश की टीम ने अपनी पहली पारी में 73.2 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 231 रन बनाए। टीम की ओर से एस.वी. राहुल ने सर्वाधिक 89 रनों की पारी खेली, जबकि शशिकान्त ने 31 और शेख रशीद ने 24 रन जोड़े। छत्तीसगढ़ की गेंदबाजी में जयंत यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए, वहीं अजय मंडल ने 3 और धर्मेन्द्र सिंह जडेजा ने 2 विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 107.3 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 237 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। मध्यक्रम के बल्लेबाज अमनदीप खरे ने सूझबूझ भरी बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 89 रनों की शानदार पारी खेली। इसके अलावा अनुज तिवारी ने 34 और अजय मंडल ने 29 रनों का योगदान दिया। आंध्र प्रदेश की ओर से टी. विजय ने 4 और सौरभ कुमार ने 3 विकेट प्राप्त किए।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए आंध्र प्रदेश ने 32 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी। आंध्र प्रदेश के लिए रिक्की भुई ने नाबाद 72 और करन शिंदे ने नाबाद 53 रनों की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। छत्तीसगढ़ की तरफ से गेंदबाजी करते हुए धर्मेन्द्र सिंह जडेजा ने 2 और जयंत यादव ने 1 विकेट हासिल किया।

मैच के अंतिम दिन आंध्र प्रदेश द्वारा दिए गए 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने 35.1 ओवरों में 5 विकेट खोकर 182 रन बनाए और मुकाबले को रोमांचक तरीके से अपने नाम कर लिया। छत्तीसगढ़ के लिए अनुज तिवारी ने बेहतरीन 60 रन बनाए, देव आदित्य सिंह ने नाबाद 34 रन और अमनदीप खरे ने 30 रनों की उपयोगी पारी खेली। आंध्र प्रदेश के गेंदबाज सौरभ कुमार ने दूसरी पारी में भी 3 विकेट झटके, लेकिन वे अपनी टीम को जीत दिलाने में असफल रहे। इस प्रकार छत्तीसगढ़ ने शानदार खेल दिखाते हुए 5 विकेट से मैच जीत लिया।

जशपुरऔर नारायणपुर ने दर्ज की जीत

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 प्लेट ग्रुप वनडे इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता के तहत बिलासपुर ब्लू और जशपुर के बीच राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में मुकाबला खेला गया, जिसमें सीनियर खिलाड़ी नारायण आवटी और बुरुणद्दीन ने टॉस की प्रक्रिया पूरी कराई। पहले बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ब्लू की टीम 28 ओवर में 88 रन पर सिमट गई, जिसमें शौर्य लहरे ने 17 और अवनीश शुक्ला ने 12 रन बनाए। जशपुर के आरव कुमार रवि ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके, जबकि देवांश गोयल को 2 विकेट मिले। जवाब में जशपुर ने 30.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 92 रन बनाते हुए 5 विकेट से मैच जीत लिया और 4 अंक प्राप्त किए। जशपुर की ओर से हर्षवर्धन यादव, विराट यादव ने 27-27 रन और प्रतीक यादव ने 18 रन का योगदान दिया। मैच के निर्णायक विशाल सिंघानिया व शैलेश उपाध्याय, आब्जर्वर राजेश शुक्ला और स्कोरर महेश दत्त मिश्रा रहे, जबकि बिलासपुर ब्लू के कोच सुशांत शुक्ला, एस जावेद व नावेद अली हैं।



नारायणपुर ने कवर्धा को हराया

एक अन्य मुकाबले में रेलवे मैदान पर कवर्धा और नारायणपुर की टीमें आमने-सामने थीं। कवर्धा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30.4 ओवर में 69 रन बनाए, जिसमें पृथ्वी राज ने 19 और लक्ष्य राज ने 15 रन जोड़े। नारायणपुर के लिए यश कश्यप ने 4 और आयुष यादव ने 3 विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नारायणपुर ने 32.1 ओवर में 8 विकेट खोकर 70 रन बनाते हुए मुकाबला 2 विकेट से जीत लिया। नारायणपुर की ओर से मिथलेश सिंह ठाकुर ने 30 और अभिषेक ने 17 रन बनाए, जबकि कवर्धा के संकेत कुमार पाटिल ने 4 और शिवम चंद्रवंशी ने 2 विकेट लिए। इस प्रकार लगातार दूसरी जीत के साथ नारायणपुर 2 मैचों में 8 अंक अर्जित कर चुका है।



कॉलेज वॉलीबॉल में कल्याण विजेता

भिलाई। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के तहत भिलाई महिला महाविद्यालय, हॉस्पिटल सेक्टर में दुर्ग सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल (महिला) प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने किया। पहले सेमीफाइनल में कल्याण पी.जी. कॉलेज भिलाई ने सेठ आर.सी.एस. कॉलेज दुर्ग को 25-17, 25-17 से हराया, और दूसरे सेमीफाइनल में गर्ल्स कॉलेज दुर्ग ने स्वामी विवेकानंद (स्वरूपानंद) हुडको को 25-21, 26-24 से पराजित किया।

फाइनल मुकाबले में कल्याण पी.जी. कॉलेज भिलाई ने गर्ल्स कॉलेज दुर्ग को 25-16, 25-21 से हराकर खिताब अपने नाम किया, तथा कल्याण कॉलेज की अलिशा 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहीं। विजेता व उपविजेता टीमों को प्राचार्या द्वारा ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए। क्रीड़ा अधिकारी प्रतीक्षा ताठे के नेतृत्व में हुए इस आयोजन के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित 12 खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 25 से 27 अक्टूबर तक आयोजित किया गया, हालांकि कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 28-29 अक्टूबर को होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भारी बारिश व चक्रवात के चलते आगामी आदेश तक स्थगित कर दी गई है।

इस चयन सूची में दिव्या मेहर, प्राची शुक्ला (सेठ आर.सी.एस. महा., दुर्ग), संजना महतो, मिताली ठाकुर (स्वामी स्वरूपानंद महा., हुडको), रेणुका (शास. वा.वा. पाटनकर कन्या महा., दुर्ग), अलिशा, जयंती, निकिता साहू (कल्याण महा., सेक्टर-7, भिलाई), कृतिका (श्री शंकराचार्य महा., जुनवानी), कामिनी (शास. नवीन महा., बेरला), प्रियंका राघवन और शीला (भिलाई महिला महा., भिलाई) शामिल हैं।

कार्तिक मास में स्नान, दान और तुलसी पूजन का है विशेष महत्व



हिंदू धर्म में कार्तिक मास का विशेष स्थान है और इसे संपूर्ण वर्ष का सबसे पवित्र तथा फलदायी महीना माना जाता है। इस साल 27 अक्टूबर से शुरू हुआ यह मास मुख्य रूप से जगत के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु और धन-वैभव की देवी माता लक्ष्मी को समर्पित है। कार्तिक का पूरा महीना भक्ति, संयम, पवित्र स्नान और दान-पुण्य के लिए उत्तम माना गया है। कार्तिक मास चातुर्मास का अंतिम महीना भी होता है, और ऐसी मान्यता है कि इस मास में किए गए शुभ कर्मों का फल कभी समाप्त नहीं होता तथा व्यक्ति को जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति मिलकर मोक्ष की प्राप्ति होती है।

ब्रह्म मुहूर्त स्नान का महत्व

कार्तिक मास में किसी पवित्र नदी, सरोवर या तीर्थ स्थल में स्नान करने का विशेष विधान है। यदि पवित्र नदी में स्नान संभव न हो, तो घर पर ही नहाने के पानी में गंगाजल मिलाकर सूर्योदय से पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करना चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्योदय से पूर्व स्नान करने से पूर्वजन्म के सभी पापों का नाश होता है तथा शरीर व मन की शुद्धि होती है। नियमित स्नान से शारीरिक रोगों से मुक्ति मिलने के साथ-साथ मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है।

तुलसी पूजन के नियम और विधि

तुलसी जी में साक्षात देवी लक्ष्मी का वास माना गया है और वे भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय हैं, इसलिए कार्तिक के महीने में तुलसी पूजन का फल कई गुना बढ़ जाता है।



फुटबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल वॉलीबॉल और कैरम का रोमांच

रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'आरोहण 3.0 – इंटर-स्कूल एवं इंटर-कॉलेज स्पोर्ट्स फेस्टिवल'का शुभारंभ 28 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों एस.वी. सुनील एवं शमशेर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस खेल महोत्सव में फुटबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज एवं कैरम सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी खेल प्रतिभा दिखाई।

- अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों की मौजूदगी में 'आरोहण 3.0' का शुभारंभ

उद्घाटन समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों एस.वी. सुनील एवं शमशेर सिंह ने उन्होंने खेलों में अनुशासन, खेल भावना, टीमवर्क, समर्पण और निरंतर अभ्यास के महत्व पर रोशनी डालते हुए अपनी क्षमताओं को निरंतर निखारने तथा खेल जगत में नई ऊँचाइयाँ हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

फुटबॉल में पीएम तिवारी स्कूल विजेता ट्रॉफी

विद्यालय स्तरीय फुटबॉल में सेमीफाइनल मुकाबलों में पीएम श्री आर.डी. तिवारी स्कूल ने आत्मानंद स्कूल, अमलेश्वर को 2–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में भारत माता स्कूल, टाटीबंध ने आत्मानंद स्कूल, आमापारा को 3–1 से पराजित कर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई। फाइनल में पीएम श्री आर.डी. तिवारी स्कूल ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए भारत माता स्कूल, टाटीबंध को 2–0 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। टीम की ओर से नरेश साहू ने 15वें तथा तेजस साहू ने 22वें मिनट में गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की।

कबड्डी के मुकाबलों ने बढ़ाया रोमांच

विद्यालय स्तरीय बालिका कबड्डी: लालपुर स्कूल की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले सेमीफाइनल में लालपुर की एक टीम ने शिवांश स्कूल को 24–8 से पराजित किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में लालपुर की दूसरी टीम ने आत्मानंद स्कूल को 21–6 से हराया। फाइनल मुकाबले में लालपुर बी टीम ने लालपुर ए टीम को 23–14 से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया।

महाविद्यालय स्तरीय महिला कबड्डी

पहले सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय ने गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज की महिला टीम को 27–17 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में गुरुकुल कन्या महाविद्यालय ने कलिंगा विश्वविद्यालय की महिला टीम को 39–7 से पराजित कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

विद्यालय स्तरीय बालक कबड्डी

क्वार्टर फाइनल मुकाबले में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 ने सेंट जोसेफ स्कूल को 15–5 से हराया। दूसरे मुकाबले में लालपुर स्कूल ने जैन स्कूल, कुम्हारी को कड़े संघर्ष में 21–20 से पराजित किया। सेमीफाइनल में केंद्रीय विद्यालय ने मानसरोवर विद्यालय, चरौदा को 21–11 से हराया, जबकि आत्मानंद स्कूल ने लालपुर स्कूल को 21–9 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

महाविद्यालय स्तरीय बालक कबड्डी

विप्र कॉलेज ने कोलंबिया कॉलेज को 22–10 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय की टीम ने छत्रपति शिवाजी इंजीनियरिंग कॉलेज, दुर्ग को 16–9 से पराजित कर अपनी खेल क्षमता का परिचय दिया।



इंटर-डीपीएस फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल मुकाबले में छह राज्यों के बीच रांची की टीम चैंपियन,रूद्र रहे सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर

भिलाई। दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई में 27 से जारी इंटर-डीपीएस फुटबॉल टूर्नामेंट जोन-4 (बालक ओपन) में डीपीएस रांची बनी चैंपियन। रांची के ही रुद्र साही को 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का खिताब दिया गया।

इस प्रतिष्ठित तीन दिवसीय टूर्नामेंट में डीपीएस सोसाइटी के जोन-4 के अंतर्गत आने वाले छह राज्यों—छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, नागालैंड और उड़ीसा—के डीपीएस परिवारों की कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें 256 प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

सेमीफाइनल मुकाबलों में टीमों का शानदार प्रदर्शन- टूर्नामेंट के अंतिम दिन खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। डीपीएस रिसाली के खेल मैदान पर हुए पहले सेमीफाइनल में डीपीएस गुवाहाटी ने डीपीएस सिलीगुड़ी को 2-0 के स्कोर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, डीपीएस मरोदा के मैदान पर खेले गए दूसरे रोमांचक मुकाबले में डीपीएस रांची ने डीपीएस भिलाई को 3-0 से शिकस्त देकर फाइनल की अपनी दावेदारी सुनिश्चित की। इसके अतिरिक्त, टर्फ ग्राउंड मरोदा में खेले गए तीसरे स्थान के मुकाबले (हार्डलाइन मैच) में मेजबान डीपीएस भिलाई ने डीपीएस सिलीगुड़ी को 2-0 से हराकर टूर्नामेंट का थर्ड रनर्स-अप/तृतीय स्थान अपने नाम किया।



रोमांचक फाइनल में डीपीएस रांची बनी चैंपियन- दोपहर में डीपीएस रिसाली के मैदान पर रिमझिम फुहारों के बीच डीपीएस रांची और डीपीएस गुवाहाटी के बीच खिताबी मुकाबला खेला गया। इस बेहद रोमांचक फाइनल मैच में डीपीएस रांची के खिलाड़ियों ने शानदार समन्वय दिखाते हुए मैच पर पूरी तरह नियंत्रण रखा। खिलाड़ी यशराज और गणेश ने 1-1 गोल दागे, जबकि रुद्र साही ने 2 गोल करते हुए कुल 4-0 के स्कोर से टीम को शानदार विजय दिलाई और चैंपियनशिप की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चार टीमों का चयन- इस जोन-4 टूर्नामेंट के आधार पर आगामी 6 से 8 दिसंबर के बीच नवी मुंबई में आयोजित होने वाले डीपीएस नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए चार सर्वश्रेष्ठ टीमों ने क्वालीफाई किया है। इनमें विजेता डीपीएस रांची, उपविजेता डीपीएस गुवाहाटी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली डीपीएस भिलाई और डीपीएस सिलीगुड़ी की टीमें शामिल हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'द हंगर गेम्स' फ्रैंचाइज़ी की बड़ी वापसी, एबरनेथी के अतीत की कहानी पर फिल्म




सुज़ैन कॉलिंस के बहुचर्चित उपन्यास पर आधारित 'द हंगर गेम्स: सनराइज ऑन द रीपिंग' सिनेमाजगत और हॉलीवुड मीडिया में जबरदस्त सुर्खियों में है। यह फिल्म लोकप्रिय फ्रैंचाइज़ी 'द हंगर गेम्स' का एक नया और बहुप्रतीक्षित प्रीक्वल है। इस कहानी में दर्शकों को पैनम के सबसे चर्चित चरित्रों में से एक, युवा हेमिट्च एबरनेथी के प्रारंभिक जीवन और उसके कठिन संघर्ष को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। लायंसगेट द्वारा निर्मित इस बड़े बजट की फिल्म को लेकर दुनिया भर के सिनेमा प्रेमियों और प्रशंसकों के बीच काफी उत्सुकता देखी जा रही है। फिल्म की कहानी 50वें 'हंगर गेम्स' यानी 'सेकंड क्वार्टर क्वेल' के दौर की ऐतिहासिक घटनाओं पर केंद्रित है। इस विशेष गेम में कैपिटल के क्रूर नियमों के तहत आम प्रतियोगियों की तुलना में दोगुने खिलाड़ियों (कुल 48 ट्रिब्यूट्स) को मौत के भयानक खेल में उतारा गया था। डिस्ट्रिक्ट 12 से आने वाले हेमिट्च एबरनेथी ने अपनी अद्भुत बुद्धिमत्ता, रणनीतिक सोच और साहस के बल पर इस खूनी खेल में अपनी जान बचाई और विजेता बनकर उभरे थे। फिल्म में यह विस्तार से दिखाया जाएगा कि कैसे इस खूनी मुकाबले ने उनके पूरे जीवन, व्यक्तित्व और मानसिकता पर एक कभी न मिटने वाली छाप छोड़ी।

फ्रैंचाइज़ी के निर्माताओं ने फिल्म के निर्देशन का जिम्मा एक बार फिर अनुभवी निर्देशक फ्रांसिस लॉरेंस को सौंपा है, जिन्होंने इससे पहले 'कैचिंग फायर' और 'मॉकिंगजय' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों का सफल निर्देशन किया है। 'द हंगर गेम्सः सनराइज ऑन द रीपिंग' का वैश्विक थिएटर रिलीज़ 2026 के उत्तरार्ध में प्रस्तावित है।

टॉलीवुड

राम चरण ने 'पेद्दी' के लिए झेला दर्द और 50 दिनों तक पहना अखाड़ा परिधान




फिल्म 'पेद्दी' में अपने किरदार को जीवंत बनाने के लिए साउथ सिनेमा के मेगास्टार राम चरण ने अद्भुत समर्पण और शारीरिक परिश्रम का परिचय दिया है। बुच्ची बाबू साना के निर्देशन में बनी इस स्पोर्ट्स-ड्रामा फिल्म में उन्होंने एक पहलवान का किरदार निभाया है, जिसके शूटिंग अनुभव और कड़े संघर्षों के बारे में हाल ही में अभिनेता ने कई बातें साझा की हैं। फिल्म के कुश्ती वाले दृश्यों को फिल्माने के लिए राम चरण को लगातार 50 दिनों तक पारंपरिक पहलवान की पोशाक यानी लंगोट और अखाड़े के परिधान में रहना पड़ा था। उन्होंने बताया कि धूप, धूल और मिट्टी के बीच लगातार शारीरिक कसरत और दांव-पेच के बीच शूटिंग करना उनके लिए काफी असहज और चुनौतीपूर्ण अनुभव रहा।

अखाड़े में असली पहलवानों के साथ एक्शन और कुश्ती के दृश्य शूट करने के दौरान राम चरण को कई जगह शारीरिक चोटें भी झेलनी पड़ीं। कुश्ती के दांव-पेच के कारण उनके पैरों, हाथों और आँख के पास गंभीर चोटें आईं। इसके अलावा, लगातार पहलवानों की मजबूत पकड़ और ग्रिप की वजह से उनके हाथों में ऐसी तकलीफ हुई कि शूटिंग खत्म होने के बाद अपनी नन्हीं बेटी को गोद में उठाते समय भी उन्हें असहनीय दर्द का सामना करना पड़ा, जिसके चलते उन्हें एक्स-रे तक कराना पड़ गया था। इस स्पोर्ट्स-ड्रामा फिल्म की कहानी के अनुसार राम चरण के किरदार के जीवन के अलग-अलग खेल और उम्र के पड़ाव को दिखाया गया है। निर्देशक बुच्ची बाबू साना की मांग के अनुसार उन्हें बेहद कम समय में तीन अलग-अलग बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना पड़ा। शुरुआती दृश्यों के लिए उन्हें दुबला-पतला और छरहरा यानी क्रिकेटर का लुक अपनाना पड़ा, फिर कबड्डी खिलाड़ी के लिए थोड़े मस्कुलर और बलशाली शरीर की जरूरत पड़ी, और अंत में पहलवान के किरदार के लिए पूरी तरह भारी और चौड़ा यानी बल्की रेसलर का लुक तैयार करना पड़ा।

भोजपुरी

आ रही खेसारी की 'अग्नि परीक्षा' शानदार एक्शन और स्टार कास्ट



भोजपुरी सिनेमा के मेगास्टार खेसारी लाल यादव की बहुचर्चित एक्शन-ड्रामा फिल्म 'अग्नि परीक्षा' इन दिनों दर्शकों के बीच जबरदस्त चर्चा और सुर्खियों का केंद्र बनी हुई है। इस फिल्म में दर्शकों को दमदार कहानी के साथ-साथ बेहतरीन एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे, जो भोजपुरी सिनेमा के स्तर को एक नए पायदान पर ले जाने का वादा करते हैं। फिल्म के निर्माताओं ने इसे आधुनिक तकनीक और भव्य पैमाने पर तैयार किया है, जिससे सिनेमाप्रेमियों में इसकी रिलीज को लेकर उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है।

इस फिल्म की स्टार कास्ट बेहद खास है, जिसमें खेसारी लाल यादव के साथ लोकप्रिय अभिनेत्रियां आकांक्षा पुरी और नीलम गिरी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाली हैं। पर्दे पर इन तीनों कलाकारों की तिकड़ी पहली बार एक साथ स्क्रीन साझा कर रही है, जिसकी वजह से प्रशंसकों के बीच गजब का उत्साह देखा जा रहा है। कुछ समय पहले रिलीज हुआ इस फिल्म का आकर्षक पोस्टर और अभिनेता खेसारी लाल यादव का बेहद आक्रामक (एग्रेसिव) लुक सोशल मीडिया पर आते ही धड़ल्ले से वायरल हो गया था। फिलहाल मेकर्स द्वारा इस फिल्म की आधिकारिक रिलीज डेट की घोषणा जल्द ही किए जाने की उम्मीद है, और इसे सिनेमाघरों में एक बड़े पैमाने पर रिलीज करने की तैयारी चल रही है।

लहंगा चोली की शान



लहंगा चोली भारतीय पारंपरिक परिधानों में सबसे अधिक पसंद किया जाने वाला और राजसी पोशाक है। इसमें एक लंबी घेरेदार स्कर्ट (लहंगा), एक सुसज्जित ब्लाउज (चोली) और एक खूबसूरत दुपट्टा शामिल होता है। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण, यह दुल्हन के मुख्य परिधान (ब्राइडल वियर) और विशेष त्योहारों के लिए पहली पसंद माना जाता है। इस पोशाक पर की गई बारीक कढ़ाई, ज़री का काम, और गोटा-पत्ती या मोतियों की सजावट इसे एक अत्यंत भव्य और आकर्षक लुक देती है, जो हर महिला की सुंदरता में चार चांद लगा देती है।

छोटे चेहरे पर खूब जचेंगे इयररिंग्स के खूबसूरत

चहर क आकार क ाहिसाब स इयरारग्स चुनन स औपक फस स्ट्रक्चर पर डिजाइन खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इस तरह की जानकारी हम सभी को नहीं होती है। खासकर छोटे आकार के चेहरे वालों को अपने लिए परफेक्ट इयररिंग्स चुनने में काफी परेशानी होती है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं इयररिंग्स के कुछ ऐसे डिजाइंस जो खासकर छोटे आकार के चेहरे पर खूबसूरत नजर आयेंगे। साथ ही बताएंगे इन इयररिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।



हूप इयररिंग डिजाइन

हूप में आपको कई डिजाइन और साइज देखने को नजर आ जाएंगे, लेकिन अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप चौड़े और छोटे साइज के हूप इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको प्लान हूप से लेकर स्टोन और कलरफुल में भी कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।

झुमकी इयररिंग डिजाइन

आजकल आपको मार्केट में हर साइज और वजन की झुमकी मिल जाएंगी। वहीं अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप डॉम डिजाइन की झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप किसी भी तरह के छोटे साइज और बारीक डिजाइन वाली झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।

सुई धागा इयररिंग डिजाइन

सुई धागा डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। इस तरह के में आपको डबल इयररिंग्स डिजाइन और इयरकफ स्टाइल इयररिंग्स भी मिल जाएंगे। इस तरह के इयररिंग्स आपके कानों को हैवी लुक भी देने में मदद करेंगे। वहीं इसके अलावा आप चैन स्टाइल इयररिंग्स को भी स्टाइल कर सकती हैं।

ड्राप इयररिंग डिजाइन

अगर आपका चेहरा छोटा है तो मीडियम लेंथ वाले ड्राप इयररिंग्स आपके लिए बेस्ट रहेंगे। बता दें कि इसे आप किसी भी तरह की आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। वहीं सबसे ज्यादा इसमें पर्ल डिजाइन को पसंद किया जाता है। आप चाहे तो इसमें हूप की जगह लॉन्ग ड्राप इयररिंग्स को भी चुन सकती हैं।

सिल्क साड़ी के साथ इन ब्लाउज डिजाइन को कीजिए स्टाइल, लगेंगी खूबसूरत



स्टाइलिश दिखना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए हम अपने वार्डरोब को हमेशा अपडेट करते रहते हैं। एथनिक वियर की बात करें तो लड़कियों को सबसे ज्यादा साड़ी पहनना पसंद होता है। ये लुक एवरग्रीन होता है। लेकिन साड़ी में भी आपका लुक तभी परफेक्ट नजर आता है जब उसके साथ ब्लाउज डिजाइन अच्छा होता है। इसलिए अगर आप सिल्क साड़ी पहनने के बारे में सोच रही हैं तो इसके साथ आपको अपने ब्लाउज डिजाइन पर भी खास ध्यान देना चाहिए। तभी आप इसमें खूबसूरत नजर आएंगी। हालांकि आपको मार्केट में कई सारे रेडिमेड ब्लाउज मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप इन डिजाइन को खुद बनवाकर स्टाइल करेंगी तो लुक परफेक्ट दिखाई देगा।



पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन



आजकल पुराना ट्रेंड वापस आ रहा है ऐसे में आप भी इस ट्रेंड को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे बेस्ट है पफ स्लीव्स ब्लाउज। अगर आपकी बाजू हैवी है और आपको पसंद नहीं है कि वो ज्यादा हाईलाइट हो तो उन्हें छुपाने के लिए आप पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको नेक सिंपल डिजाइन का क्रिएट कराना होगा। इसके साथ स्लीव्स पर प्लेट्स बनाकर उसमें पफ क्रिएट कराना होगा। आप चाहे तो साड़ी से मेचिंग गोटा ब्लाउज की स्लीव्स में लगवा सकती हैं। लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए आप इसके साथ बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप को मैट रख सकती हैं।

कट स्लीव्स ब्लाउज

अगर आप सिंपल ब्लाउज डिजाइन सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए परफेक्ट डिजाइन है कट स्लीव्स ब्लाउज को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो आगे और पीछे के डिजाइन को डीप बनवा सकती हैं।

बचे हुए चावल की मदद से करें फेशियल



त्वचा का ख्याल हम सभी स्किन टेक्सचर और टाइप के हिसाब से रखते हैं। बदलते ब्यूटी ट्रेंड में आजकल कोरियन ब्यूटी प्रोडक्ट्स को अधिक ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इसमें आपको कई स्किन केयर ट्रीटमेंट भी देखने को मिल जाएंगे। त्वचा की देखभाल करने के लिए फेशियल करना बेहद जरूरी होता है। फेशियल के लिए आप घर में मौजूद चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए रात के बचे हुए चावल ही आपके बहुत काम में आ जाएंगे। तो आइये जानते हैं नेचुरल तरीके से कैसे करें घर में कोरियन फेशियल-

स्टेप 1: सबसे पहले रात के बचे हुए उबले हुए चावलों को एक बड़े बाउल में डालें और इसमें चावल के लेवल से थोड़ा ऊपर तक में पानी मिला लें। ध्यान रहे कि इन चावलों में किसी भी तरह का तेल या मसाला न हो और यह सादे तरी उबाले गये हो। इसे 30 मिनट तक भिगोकर छोड़ दें। अब इसे छान लें और आधे चावलों को अलग बाउल में डालकर पीस लें। पीसने के बाद इसमें आप शहद डालें और दोनों को अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे चेहरे पर मसाज करते हुए लगा लें और 5 मिनट तक मसाज करके 15 मिनट तक लगा रहने दें। पानी और कॉटन की मदद से चेहरे पर लगे स्क्रब को साफ कर लें।

स्टेप 2: इसके बाद एक बाउल में बचे हुए आधे चावलों को डालें और इसमें एलोवेरा के पत्ते को काटकर जेल को निकाल लें। जेल को चावलों के साथ में मिला लें और चेहरे पर फेस जेल की तरह लगा लें। चेहरे पर लगाने के बाद हल्के हाथों के दबाव से 2 मिनट तक मसाज करें। इसके बाद चेहरे पर 10 मिनट तक इसे लगा हुआ छोड़ें।अब कॉटन की मदद से चेहरे पर से फेस जेल को हटा लें।

स्टेप 3: आखिर में चावल के बचे हुए पानी को आप सीरम की तरह चेहरे पर लगा सकती हैं। यह त्वचा को जवां रखने और इनर ग्लो को उभारने में मदद करेगा।

साड़ी में दिखना चाहती हैं कर्वी तो फॉलो करें कुछ जरूरी टिप्स



फेस्टिवल सीजन हो या फिर शादी का सीजन साड़ी पहनना हर लड़की को पसंद होता है। किसी को हैवी डिजाइन वाली साड़ी पहनना पसंद होता है तो किसी को लाइट या फिर प्लेन साड़ी ज्यादा पसंद होती है। आप भी अपने हिसाब से पसंद करके साड़ी वियर करती होगी। लेकिन कई बार ऐसा होती है कि साड़ी पहनने के बाद अच्छी नहीं लगती क्योंकि उसमें हमारी फिगर कर्वी नहीं लगती। इसके लिए आपको कई सारी ऐसी टिप्स है जिन्हें फॉलो करना चाहिए। तभी आप अच्छे तरीके से साड़ी वियर कर पाएगी।

साड़ी के फेब्रिक का रखें ध्यान

जब भी आप साड़ी खरीदें तो उसके फेब्रिक का खास ध्यान रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि पतले होने पर अगर आप मोटे फेब्रिक की साड़ी पहनेंगी तो आप मोटी नजर आएगी। साथ ही साड़ी सही तरीके से बांध नहीं पाएंगी। इसी के साथ कर्वी फिगर भी नहीं शो हो पाएगी। इसलिए जब भी अपने लिए साड़ी खरीदें तो फेब्रिक का खास ध्यान रखें। इससे आपका लुक परफेक्ट लगेा साथ ही हर कोई आपकी तारीफ करेगा।

साड़ी के साथ खरीदें सही पेटिकोट

जब भी हम साड़ी खरीदने जाते हैं तो पेटिकोट और ब्लाउज का खास ध्यान रखते हैं, ताकि साड़ी पहनें तो वो सबसे अच्छी लगे। इसके लिए हम मैचिंग पेटिकोट (सिल्क साड़ी डिजाइन) खरीदते हैं।

कार्नर न्यूज

नए दौर के ग्रूमिंग और मेकअप टूल्स दे रहे स्टाइल को नया आयाम

सर्दियों में आपका लुक निखारेंगे आधुनिक मेकअप टूल्स, आज मेंस फैशन में ढेरों विकल्प हैं मौजूद

सर्दियों के आगमन के साथ ही त्वचा में रूखापन, बेरुखी और असमान टोन जैसी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। भारतीय पुरुषों के फैशन और ग्रूमिंग रूटीन में अब केवल मॉइस्चराइज़र तक सीमित रहने का दौर खत्म हो चुका है। आजकल पुरुष भी सर्दियों के दौरान एकदम प्राकृतिक और नो-मेकअप लुक पाने के लिए आधुनिक टूल्स का सहारा ले रहे हैं। ये टूल्स न केवल त्वचा की रंगत को निखारते हैं, बल्कि चेहरे की थकान और रूखेपन को छुपाकर एक फ्रेश और अट्रैक्टिव लुक प्रदान करते हैं।





त्वचा को नमी और स्मूथ फिनिश देने के लिए खास स्पंज

सर्दियों में रूखी त्वचा पर सीधे क्रीम या टिंटेड मॉइस्चराइज़र लगाने से अक्सर चेहरे पर पैच बन जाते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए माइक्रोफाइबर और डैम्प ब्यूटी ब्लेंडर्स बेहद कारगर साबित हो रहे हैं। यह टूल बेस मेकअप को त्वचा में अच्छी तरह से समाहित करने में मदद करता है। इसके इस्तेमाल से चेहरे को अतिरिक्त नमी मिलती है और मेकअप का असर एकदम प्राकृतिक दिखाई देता है।

सुबह की सूजन दूर करने और पोर कसने में मददगार रोलर्स

ठंड के दिनों में सुबह के समय चेहरे पर सुस्ती और सूजन आना एक आम बात है। इसे दूर करने के लिए मेकअप या प्राइमर लगाने से पहले जेड रोलर और कोल्ड आइस ग्लोब जैसे टूल्स का उपयोग तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इन टूल्स से चेहरे की हल्की मसाज करने पर ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है। साथ ही यह खुले पोर्स को कसने और त्वचा को कसकर एक तरोताजा रूप देने में काफी मदद करते हैं।

दाढ़ी और जॉ-लाइन को परफेक्ट शेप देने वाले ब्रश

पुरुषों के चेहरे पर दाढ़ी वाले हिस्से और जॉ-लाइन के आसपास मेकअप को सही तरीके से मिलाना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। इसके लिए एंगल्ड कबीकी और डेंस फ्लैट-टॉप ब्रश का इस्तेमाल किया जाता है। यह टूल लिक्विड या क्रीम प्राइमर को दाढ़ी के आसपास समान रूप से फैलाता है, जिससे मेकअप अलग से झड़ा हुआ या नकली नजर नहीं आता और पूरा चेहरा एक समान दिखता है।



फटे होंठों से राहत और होंठों की सही देखभाल

सर्दियों के दौरान फटे होंठ पुरुषों के ओवरऑल लुक को बिगाड़ सकते हैं। इस मौसम में सिलिकॉन लिप स्क्रबिंग टूल्स बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। इनकी मदद से होंठों की मृत त्वचा को आसानी से हटा दिया जाता है। इसके बाद जब हाइड्रेटिंग या मैटे लिप बाल्म लगाया जाता है।



हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

VISHWABHARTI AUTOMOBILES

MARUTI SUZUKI ARENA

इस दीपावली,
घर लाएँ खुशियों की नई कार
विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स के साथ

Vishwabharti
Automobiles Pvt. Ltd.

MARUTI SUZUKI ARENA

Tatibandh Road, Arang

Vishwabharti

VISHWABHARTI AUTOMOBILES
MARUTI SUZUKI ARENA
CELEBRATE THIS
FESTIVE SEASON UTSAV
WAGONR
ALTO K10
CELERIO
S-PRESSO
SWIFT
SWIFT
ASHOK LEYLAND

Alto-K10 S-Presso Swift Ertiga Brezza Victoris Dzire Celerio Wagonr EECO

(Arang Arena Mob No- 6262620128)

VISHWABHARTI AUTOMOBILES

MARUTI SUZUKI NEXA

Vishwabharti
Automobiles Pvt. Ltd.

MARUTI SUZUKI
NEXA Vishwabharti Automobiles
NEXA
NEXA
NEXA
SALES
SERVICE
GENUINE PARTS
ACCESSORIES

Fronx Jimny Invicto E-Vitara Grand Vitara XL6 Baleno

(Arang NEXA Mob No- 6262000630)

NEXA Saddu Raipur- 6262620001, ARENA Mowa Raipur- 6262620000, NEXA Devpuri- 6262620127, ARENA Kota- 6262000791, True Value Sarona- 6262620126, MDS Raipur- 6262620100, ARENA Arang- 6262620128, NEXA Arang- 6262000630, NEXA Basna- 6262620031, ARENA Nagri- 6262000795, ARENA Kanker- 6262620141, NEXA Kanker- 6262000112
NEXA Fingeshwar- 6262000724, NEXA Pallari- 6262000788, NEXA Kurud- 6262620157, NEXA Basna- 6262000773

मुसीबत : खेतों में भरा पानी, बालियां लगी फसलें चौपट किसान परेशान

अर्नब साइक्लोन से फसलें खेतों पर बिछीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

साइक्लोन अर्नब के प्रभाव से हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इधर कुकरा-लखौली मार्ग किनारे खेतों में भी बारिश के कारण कई खेतों में खड़ी धान की फसल गिर गई है। फसल के खेतों में बिछ जाने से किसानों को नुकसान की आशंका सताने लगी है। धान की फसल पकने के दौर में बारिश और तेज हवाएं किसानों के लिए परेशानी का कारण बन सकती हैं। खेतों में गिरी फसल की कटाई और मिंजाई में दिक्कत आने के साथ ही धान की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका भी है।

इससे किसानों की मेहनत और लागत पर असर पड़ सकता है। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए किसानों की चिंता बढ़ गई है। यदि बारिश का दौर आगे भी जारी रहता है, तो फसल को और नुकसान पहुंचने की आशंका है। किसानों को अब मौसम साफ होने का इंतजार है। वास्तविक नुकसान का आकलन फसल की स्थिति का सर्वे होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।



किसानों ने की सर्वे और मुआवजे की मांग



आरंग। अर्नब तूफान के असर से बुधवार से जारी बारिश और तेज हवाओं ने आरंग विधानसभा क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में लहलहा रही और कटाई के लिए तैयार धान की फसल पर मौसम की मार ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेरने का खतरा पैदा कर दिया है। तेज हवाओं और बारिश के चलते अनेक खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल जमीन पर गिरकर बिछ गई है। कई स्थानों पर गिरी हुई फसल पानी से भरे खेतों में लिपटी पड़ी है। कटाई के ऐन वक्त पर मौसम के बदले मिजाज ने किसानों के सामने फसल को बचाने और उपज को सुरक्षित निकालने की बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। खेतों में पानी भरा होने और धान की फसल जमीन पर बिछ जाने से किसानों की परेशानी और बढ़ गई है।

फसल बचाने पानी निकासी में जुटे किसान

आरंग। खेतों में बिछी धान की फसल को बचाने के लिए किसान बारिश के बीच पानी निकासी की जद्दोजहद में जुटे हैं। गुरुवार को ग्राम मानसोज में किसान दुलार बंजारे सहित अनेक किसान भीगते हुए खेतों में जमा पानी बाहर निकालने की व्यवस्था करते नजर आए। अर्णव तूफान के असर से हो रही बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कटाई के ठीक पहले तेज हवाओं से पककर तैयार धान की फसल जमीन पर बिछ गई है। वहीं, खेतों में पानी भरने से गिरी हुई फसल के सड़ने और धान की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में किसान खेतों से जल्द पानी निकालकर फसल को संभावित नुकसान से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। किसानों की महीनों की मेहनत पर मौसम की मार भारी पड़ती नजर आ रही है। अब किसानों को मौसम खुलने का इंतजार है, ताकि खेतों में गिरी फसल को संभालकर कटाई की जा सके और नुकसान को यथासंभव कम किया जा सके।

चक्रवाती तूफान से फसलें चौपट

तरपोंगी। चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव के चलते तरपोंगी और आसपास के ग्रामीण अंचलों में मौसम ने अचानक करवट ले ली है, जिससे सामान्य जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। बुधवार सुबह 11 बजे से शुरू हुआ रिमझिम फुहारों और तेज ठंडी हवाओं का दौर लगातार दूसरे दिन समाचार लिखे जाने तक जारी रहा। इस बेमौसम बारिश और तेज हवाओं के चलते खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसलें कई जगहों पर गिरकर जमीन पर बिछ गई हैं। खेतों में पानी भरने के कारण गिरी हुई फसलों के सड़ने और दाने खराब होने की आशंका गहरा गई है, जिससे किसानों पर भारी आर्थिक संकट मंडराने लगा है। स्थानीय किसानों का कहना है कि यदि मौसम का जल्द साफ नहीं हुआ, तो फसल कटाई प्रभावित होगी और लागत तक निकाल पाना मुश्किल हो जाएगा।

फसल की कटाई का खर्चा दुगुना हुआ

फसल के जमीन से सटकर पड़े रहने के कारण पौधों को पर्याप्त धूप और हवा नहीं मिल पाएगी। लगातार नमी और जलभराव की स्थिति बनी रहने पर धान की बालियों तथा पौधों में विभिन्न प्रकार की बीमारियां लगने और दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में किसानों की चिंता केवल फसल गिरने तक सीमित नहीं है, बल्कि अब बची हुई उपज को खराब होने से बचाना भी बड़ी चुनौती बन गया है। किसानों को आशंका है कि यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ और खेतों से पानी नहीं निकला, तो फसल को नुकसान और बढ़ सकता है। जमीन पर बिछी फसल की कटाई में भी सामान्य से अधिक समय और मेहनत लगेगी। खेतों में नमी और कीचड़ के कारण कृषि मशीनों से कटाई करना मुश्किल हो सकता है। इससे कटाई में देरी होने के साथ किसानों की लागत बढ़ने और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका भी गहरा गई है। किसानों की मांग है कि बारिश और तेज हवा से फसल को हुए नुकसान का आकलन कर शासन के नियमानुसार किसानों को शीघ्र मुआवजा और राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही फसल बीमा कराने वाले किसानों के नुकसान का आकलन कर उन्हें बीमा योजना के तहत मिलने वाले लाभ की प्रक्रिया भी समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए। अब किसानों की निगाहें मौसम साफ होने के साथ प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

तूफान व बारिश से खेतों में भरा पानी धान फसल को भारी क्षति

आरंग। छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्सों में अर्णव तूफान ने भारी तबाही मचाई है, जिससे धान की फसल को भारी क्षति पहुंची है। अनेक किसानों के खेतों में पकी हुई फसल गिरकर पानी में डूब गई है, जिसका सड़ना तय है। यह फसल कटाई के लायक भी नहीं बची है। कई क्षेत्रों में पकी हुई खड़ी फसल को कम नुकसान हुआ है, किंतु स्वर्ण वैरायटी का धान गिरकर पूरी तरह पानी में डूब गया है, जो 75 से 90 प्रतिशत तक नष्ट हो गया है। किसान बैंकों से कर्ज लेकर तथा अपनी सारी जमा पूंजी लगाकर फसल तैयार किए थे, लेकिन कटाई के ऐन वक्त पर इस तूफान ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। प्रति एकड़ 25 से 30 हजार रुपये की लागत के अलावा 40 हजार रुपये मिलने वाला लाभ भी पानी में डूब गया। इस अपूरणीय क्षति से किसानों को उबारने के लिए किसान नेता पारसनाथ साहू एवं जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर ने शासन से मांग की है कि किसान परिवारों को बचाने के लिए हरसंभव राहत एवं मुआवजा राशि दी जाए। जिन किसानों की फसल को कम नुकसान हुआ है, उन्हें राजस्व परिपत्र 6-4 के तहत राहत दी जाए। अधिक नुकसान वाली फसल के लिए केंद्र सरकार से विशेष पैकेज की मांग कर पर्याप्त मुआवजा दिया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दायरे में आने वाले रकबे के लिए भी भरपूर मुआवजा दिया जाए। ज्ञात हो कि पिछले महीने भारी बारिश के चलते नदियों में बाढ़ आ गई थी, जिससे तटीय इलाकों के खेत जलमग्न हो गए थे तथा फसल पर बुरा असर पड़ा था। शासन ने सर्वे कर मुआवजा देने की घोषणा भी की थी, किंतु आज तक अधिकांश इलाकों में न तो सर्वे हुआ है और न ही मुआवजा मिला है।

खबर संक्षेप

साय सरकार की योजना से किसानों को राहत

आरंग। विधानसभा क्षेत्र के गोढ़ी निवासी प्रगतिशील किसान एवं वरिष्ठ किसान नेता कुलेश्वर बैस ने पूर्ववर्ती



कांग्रेस सरकार और वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार की कृषि नीतियों की तुलना करते हुए कहा कि साय सरकार में किसानों की मेहनत की कमाई सीधे उनके खातों तक पहुंच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासनकाल में बिचौलियों का बोलबाला था, जिससे किसानों को उनके हक का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। कुलेश्वर बैस ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने किसानों के हितों को प्राथमिकता दी है। धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ने से बिचौलियों की भूमिका पर अंकुश लगा है। अब किसानों को अपनी उपज का लाभ सीधे प्राप्त हो रहा है।

धान का समर्थन मूल्य 3358 करने की मांग

तरपोंगी। किसान नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा ने किसानों के हितों को लेकर राज्य सरकार से धान खरीदी व्यवस्था में व्यापक सुधार



की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (**MSP**) में वृद्धि की जा रही है, परंतु छत्तीसगढ़ के किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। राजू शर्मा ने कहा कि वर्ष 2023 में भारतीय जनता पार्टी ने 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने का वादा किया था और वर्तमान में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की जा रही है, लेकिन केंद्र द्वारा बढ़ाई गई दरों का अतिरिक्त लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' के तहत रोकी गई चौथी किस्त का भुगतान भी किसानों को तत्काल करने की मांग उठाई। मंगलवार को आयोजित किसान मजदूर संघर्ष समिति की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लेते हुए राज्य सरकार से मांग की गई कि किसान हित में धान का मूल्य तत्काल 3358 निर्धारित किया जाए और न्याय योजना की लंबित राशि जारी की जाए।

सड़क नवीनीकरण के लिए 12 करोड़ मंजूर

आरंग। आरंग विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गुजरा-धमनी-कोटनी-पलौद से नवागांव मार्ग के डामरीकरण, नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में 11 करोड़ 69 लाख 9 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। लगभग 15.50 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के कायाकल्प की मंजूरी मिलते ही क्षेत्र के विकास को एक नई रफ्तार मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। सड़क के जीर्णोद्धार से दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का आवागमन अब सुगम, सुरक्षित और धूल-मुक्त हो जाएगा। उपरोक्त महत्वपूर्ण कार्य को बजट में शामिल करवाकर प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने पर स्थानीय ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब का सहृदय आभार व्यक्त किया है।

गौवंश की सुरक्षा के लिए पंचायत ने की व्यवस्था

आरंग। अंचल में खराब मौसम और भारी बारिश के बीच जनसेवा की एक मिसाल सामने आई है। ग्राम पंचायत पलौद द्वारा आंधी-तूफान व बारिश के मद्देनजर बेजुबान गौमाता की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, जिसकी इलाके में जमकर सराहना हो रही है। बुधवार से जारी तेज हवा व बारिश की स्थिति को भांपते हुए सरपंच हेमकुमार मारकण्डे ने त्वरित संवेदनशीलता दिखाई। पंचायत क्षेत्र के आम तौर पर आवारा घूमने वाले पशुओं को गौठान में रखा जाता है, लेकिन वर्तमान हालात को देखते हुए गौवंश को पूरी तरह महफूज रखने के लिए एक अलग खाली भवन में उनके रहने, खाने और पीने के पानी की



मुकम्मल व्यवस्था की गई है। सरपंच एवं सरपंच संघ नया रायपुर के अध्यक्ष हेमकुमार मारकण्डे ने इस संबंध में कहा कि संकट के इस मौसम में बेजुबान गौमाता को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पंचायत प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है। उन्होंने दो टूक कहा कि जीवों के प्रति करुणा और संवेदनशीलता ही एक सच्चे जनसेवक की असल पहचान होती है। सरपंच हेमकुमार मारकण्डे ने क्षेत्र के तमाम नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस आपदा भरे मौसम में बेजुबान पशुओं के प्रति संवेदनशील रहें और जरूरत पड़ने पर उनकी मदद के लिए आगे आएं।

पेज 13 के शेष...

कमजोर होकर ओडिशा...

मौसम विभाग के अनुसार, इसका उत्तर की ओर बढ़ना जारी रहेगा। इसके आगे कमजोर होकर उत्तरी छत्तीसगढ़ तथा उससे सटे उत्तर-पश्चिमी ओडिशा के ऊपर एक 'सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र' में बदलने की संभावना है।चक्रवात के कमजोर होने के बाद भी इसके प्रभाव से व्यापक रूप से बादल छाए रहने, भारी बारिश और तीव्र संवहन की स्थिति निर्मित हो रही है। मध्य, पूर्वी और दक्षिणी भारत के बड़े हिस्सों (जिसमें छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्र शामिल हैं) पर इसका असर पड़ रहा है। रायपुर में शाम 5.30 बजे तक 15 मिलीमीटर अर्थात 1.5 सेमी बारिश हुई।

बाजार की त्योहारी ...

डॉ. संजीव शुक्ला के अनुसार पर्व के दौरान किसी भी तरह की चोरी, उठाईगिरी तथा अन्य आपराधिक घटना रोकने तीन लेयर में सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए पुलिस लाइंस से अतिरिक्त बल मांगा गया है। गणेश पर्व के दौरान जिस प्रकार से तीन लेयर में सुरक्षा इंतजाम किए गए थे, उसी तरह से धनतेरस तथा दीपावली में सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

इन क्षेत्रों में नो पार्किंग की कार्रवाई : यातायात पुलिस द्वारा पुरानी बस्ती, मालवीय रोड, रायपुरा बाजार, महोबा बाजार, शारदा चौक, पचपेड़ी नाका, पंडरी कपड़ा मार्केट, तेलीबांधा बाजार क्षेत्र, तेलघानी नाका एवं आसपास के प्रमुख बाजार क्षेत्रों सहित शहर के विभिन्न व्यस्त मार्गों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारी खरीदारी के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ एवं वाहनों के दबाव को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। इन क्षेत्र में नो पार्किंग में पार्क किए गए 527 गाड़ियों की चालानी कार्रवाई की गई।

विधायक इन्द्र साव ने दरगाह में चादर चढ़ाकर मांगी क्षेत्र की खुशहाली

सिमगा। हज़रत सैय्यद मीर अहमद हुसैन मख़्दूमी रहमतुल्लाह अलैह के उर्स पाक के अवसर पर श्रद्धा एवं उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने शिरकत कर हज़रत की दरगाह में चादर चढ़ाई और क्षेत्र की आवाम की खुशहाली, अमन-चैन एवं तरक्की के लिए दुआ की। विधायक साव के नगर के जय स्तंभ चौक पहुंचने पर उर्स कमेटी के अध्यक्ष शेख मोईन कुरैशी के नेतृत्व में आतिशबाजी कर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके पश्चात विधायक संदल एवं चादर शरीफ के जुलूस में शामिल हुए। उन्होंने यंग कमेटी के सदस्यों एवं मुस्लिम जमात के लोगों को उर्स पाक की मुबारकबाद दी।

बिजनेस साइट

रालास मोटर्स की नई पहल, अभनपुर भाटापारा और पिथौरा में नए आउटलेट शुरू

रायपुर। त्योहारी सीजन में ग्राहकों की बढ़ती मांग और उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महिंद्रा के अधिकृत डीलर रालास मोटर्स ने अभनपुर, भाटापारा और पिथौरा में अपने नए आउटलेट शुरू किए हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को वाहन खरीदने, उनकी पसंद के मॉडल की जानकारी प्राप्त करने और फेस्टिव ऑफर्स का लाभ उठाने के लिए दूर न जाना पड़े तथा उन्हें अपने ही क्षेत्र में सुविधाजनक सेवा मिल सके। शोरूम के जीएम शेखनी ने बताया कि त्योहारों के दौरान नई गाड़ी खरीदने को शुभ शुरुआत और खुशियों से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में रालास मोटर्स द्वारा नए आउटलेट शुरू करना ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इन



आउटलेट्स के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों के ग्राहक महिंद्रा की विभिन्न गाड़ियों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और अपनी जरूरत, पसंद एवं बजट के अनुसार वाहन चुनने में सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। रालास मोटर्स के माध्यम से ग्राहकों को महिंद्रा की लोकप्रिय एसयूवी रेंज के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों और कमर्शियल वाहनों के विभिन्न विकल्पों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें बीई 6, एक्सईवी 9**e**, एक्सईवी 9**S**, थार, स्कॉर्पियो, एक्सयूवी 700, एक्सयूवी 3**XO**, थार रॉक्स और बोलेरो नियो जैसे मॉडल शामिल हैं। वहीं, व्यवसाय एवं परिवहन से जुड़े ग्राहकों के लिए पिकअप, सुप्रो, जीतो, लोडिंग ऑप्टिमो और जायो जैसे कमर्शियल वाहन भी उपलब्ध हैं। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए कंपनी की ओर से विभिन्न मॉडलों पर आकर्षक फेस्टिव ऑफर्स और लाभ भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इसके साथ ही ग्राहकों को तत्काल फाइनेंस सुविधा और आकर्षक ईएमआई विकल्पों के माध्यम से वाहन खरीदने में सहायता देने पर जोर दिया जा रहा है। ग्राहक अपनी पसंद की गाड़ी, उपलब्ध ऑफर्स और फाइनेंस संबंधी जानकारी के लिए नजदीकी रालास मोटर्स आउटलेट पर संपर्क कर सकते हैं।

चरौदा का डिजिटल पोर्टल बनाया पीपला फाउंडेशन ने



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम चरौदा को आदर्श ग्राम बनाने का लक्ष्य रखा है। संस्था ग्रामीणों के साथ मिलकर अधिकारियों के मार्गदर्शन में लक्ष्य निर्धारित कर उन बिंदुओं को पूरा करने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में संस्था ने ग्राम को डिजिटल बनाने की दिशा में एक अनोखी पहल करते हुए 'एक क्लिक में चरौदा' नामक डिजिटल पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इस पोर्टल के माध्यम से ग्राम से जुड़ी सभी मूलभूत जानकारियां एक ही क्लिक में उपलब्ध होंगी। इस पोर्टल में ग्राम का क्षेत्रफल, जनसंख्या, शासकीय कर्मचारी, कलाकार, कवि, साहित्यकार, रामायण मंडली, लीला मंडली, पंथी दल, जस-झांकी दल, देवी-देवताओं की जानकारी, तालाबों व चौक-चौराहों, ग्राम के खारों के नाम, पंचायत प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच, स्कूल, चरौदा निवासी शासकीय कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, ग्राम के गौरव एवं ग्राम विकास समिति सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों को सहेजा जा रहा है। इस संबंध में ग्राम के सरपंच देवशरण धीवर ने कहा कि पीपला फाउंडेशन की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। इससे हमारे गांव की पूरी जानकारी एक जगह डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगी और आने वाली पीढ़ी को भी गांव के इतिहास और संस्कृति की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। वहीं, फाउंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर ने कहा कि हमारा उद्देश्य चरौदा को आदर्श ग्राम बनाना है और डिजिटल पोर्टल उसी दिशा में एक कदम है। यह पहल अन्य ग्रामों व पंचायतों के लिए भी प्रेरणादायक सिद्ध होगी। इस डिजिटल संकल्पना की परिकल्पना फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य एवं नवाचारी शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने की है। वे ग्रामीणों से मिलकर जानकारियों का संकलन कर पोर्टल के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पोर्टल की लॉन्चिंग को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्सुकता बनी हुई है।

लंबित डीए पर फैसला नहीं कर्मचारियों में बढ़ी नाराजगी

आरंग। 27 अक्टूबर को आहूत कैबिनेट बैठक पर राज्य कर्मचारियों की निगाहें टिकी हुई थीं, किंतु लंबित 2% महंगाई भत्ते (डीए) को लेकर कोई निर्णय नहीं होने से राज्य कर्मचारियों की उम्मीदों पर पानी फिर गया। चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत राज्य कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ते का अधिकार है। केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में 3% वृद्धि के बाद अब राज्य कर्मचारी 5% पीछे हो गए हैं। इस तरह समान डीए से वंचित रखना राज्य कर्मचारियों के अधिकारों का हनन है। लंबित डीए के कारण इन कर्मचारियों को वेतन में प्रतिमाह हजारों रुपये का घाटा हो रहा है। लंबे समय से डीए में बढ़ोतरी और एरियर को लेकर निर्णय का इंतजार कर रहे कर्मचारियों को उम्मीद थी कि कैबिनेट बैठक में इस संबंध में कोई सकारात्मक घोषणा होगी, लेकिन फैसला नहीं होने से कर्मचारियों में निराशा एवं नाराजगी है। राज्य कर्मचारी लगातार महंगाई के बीच वेतन में राहत मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। शिक्षक कल्याण संघ आरंग के प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान, अध्यक्ष हरीश दीवान, राजकुमार दीपक, छोटूराम साहू, प्रफुल्ल मांझी, युवराम साहू, ठाकुर राम साहू, हेमंत चंद्राकर, जगगुराम साहू, भास्कर यादव, टीकाराम साहू, जिलाध्यक्ष कुंभज सोनवानी, नेमेश्वर साहू, गणेश राम साहू एवं व्याख्याता निर्मला पाण्डेय ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण घरेलू बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। ऐसे में लंबित महंगाई भत्ते पर जल्द निर्णय लिया जाना जरूरी है। कर्मचारियों ने उम्मीद जताई है कि सरकार जल्द ही देय तिथि जनवरी 2026 से लंबित 2% और जुलाई से 3%, कुल 5% महंगाई भत्ते की शीघ्र घोषणा करेगी।

25 हजार नकद जब्त 4 सटोरिया गिरफ्तार

अभनपुर। उपरपारा वार्ड 9 स्टेशन रोड के पास दबिश देकर कथित रूप से सट्टा खिलाते चार आरोपियों को पकड़ा गया है। आरोपियों के कब्जे से 6 स्मार्टफोन, 14 सट्टा पर्चियां और लगभग 25 हजार से अधिक रुपये सहित अन्य सामान जब्त किया गया। जब्त सामग्री की कुल कीमत 1 लाख से अधिक बताई गई है। पकड़े गए आरोपियों में विक्रम सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड 7, साहिल गिलहरे उम्र 19 वर्ष निवासी बड़े उरला, टामुन पाल उम्र 57 वर्ष निवासी सिंगारभाठा, जीवन ध्रुव उम्र 46 वर्ष ग्राम खिलोरा का नाम शामिल हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी, लोगों से रुपये लेकर अंकों पर दांव लगवाते हुए सट्टा पट्टी लिख रहे थे। कार्रवाई के दौरान मौके से सट्टा सामग्री और नकदी बरामद की गई। मामले में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

पर्व: पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा करवाचौथ का व्रत

अर्नब के काले बादलों को चीरकर निकला चांद, महिलाओं ने अर्घ्य देकर पूर्ण किया व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में पर्व और त्योहार केवल उत्सव नहीं होते, बल्कि यह मनुष्य की जीवटता, संस्कारों और अटूट आस्था के जीवंत प्रतीक होते हैं। पति की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना का महापर्व करवा चौथ इस बार धरसींवा अंचल में प्रकृति के तमाम प्रकोपों और आस्था के अनूठे संघर्ष के बीच बेहद यादगार बन गया। एक तरफ जहां आसमान में अर्नब के चलते कुदरत के अलग रूप का नजारा हो रहा था। वहीं दूसरी तरफ सुहागिन महिलाएं उमड़ते-घुमड़ते बादलों की ओट में चांद को तलाश रही थीं तभी रात करीब साढ़े 10 बजे चांद निकल आया।

गुरुवार को करवा चौथ के इस पावन पर्व पर सुबह से ही मौसम के तेवर बेहद तल्ख नजर आए। झमाझम बारिश ने पूरे शहर को



अपनी आगोश में ले लिया। सुबह से चंद्र दर्शन को लेकर महिलाओं को संशय था। लेकिन मौसम की इन तमाम कुदरती रुकावटों और बाधाओं के बावजूद महिलाओं के उत्साह और उमंग में रत्तीभर भी कमी नहीं आई। सूर्योदय के साथ ही सुहागिनों ने सोलह शृंगार कर अपने निर्जला उपवास का संकल्प लिया और अखंड सौभाग्य के लिए आराधना में लीन हो गईं। हालांकि, जैसे-जैसे दिन ढलता गया और शाम का समय नजदीक आया, मौसम ने और अधिक विकराल रूप धारण कर लिया। आसमान में घने काले बादलों की परतें और गहरी होती गईं, जिससे सुहागिनों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ उभर आईं। महिलाओं के मन में यह आशंका घर कर गई थी कि क्या इस बार बादलों की घनी चादर और तूफान के बीच उन्हें अपने पति की दीर्घायु के लिए चांद के दीदार हो पाएंगे या नहीं।

चंद्रोदय का समय बीत जाने के बाद भी जब आसमान पूरी तरह बादलों से ढंका रहा, तो व्रती महिलाओं की बेचैनी और अधिक बढ़ती चली गई। आखिरकार, प्रकृति की हर बाधा को चीरते हुए रात्रि लगभग 10:35 बजे जैसे ही बादलों की ओट से चांद के दीदार हुए, पूरा धरसींवा अंचल खुशी और उल्लास से झूम उठा। महिलाओं ने रात के सन्नाटे में बादलों की लुकाछिपी के बीच चांद को छलनी से निहारकर, अर्घ्य देकर अपने व्रत को पूर्ण किया।

